

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

पढ़ाई-लिखाई के साथ अब किचन की भी कमान संभाल रहे हैं गुरुजी

## मान-मनौवल कर हेडमास्टर बनवा रहे खाना, शिक्षकों ने चंदा कर बुलवाए मजदूर, कहीं पक रही 'खिचड़ी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/दुर्ग-भिलाई/जगदलपुर

प्रदेशभर में मध्यान्ह भोजन के रसोइए हड़ताल पर हैं। वे वेतनवृद्धि की मांग लेकर बीते कई दिनों से हड़ताल पर हैं। एक ओर जहां वे धरनास्थल पर जूझ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने प्रधान पाठकों से लेकर शिक्षकों तक को मशक्कत करनी पड़ रही है। वार्षिक परीक्षाओं के मध्य वे भोजन की भी चिंता कर रहे हैं। ब्लॉक एजूकेशन ऑफिसर्स को ऊपरी स्तर से स्पष्ट आदेश मिले हैं कि किसी भी स्थिति में छात्रों को प्रदान किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन ▶▶शेष पेज 13 पर

खास खबर

### 93 स्कूलों में हेडमास्टर बनवा रहे है मध्यान्ह भोजन

दुर्ग जिले में 93 प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में हेडमास्टरों ने मध्यान्ह भोजन की कमान संभाल रखी है। रसोईयों के हड़ताल पर जाने के बाद ऐसी नौबत आई है। शेष 804 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तो बन रहा है, लेकिन ये स्वसहायता समूहों की वैकल्पिक व्यवस्था है। यानी समूह की सदस्य ही बच्चों के लिए भोजन पकाने आ रही हैं और खिला रही हैं। जानिए, ▶▶शेष पेज 13 पर

### दैनिक मजदूरी में बुलाए गए रसोइए

*जहां रसोईये हड़ताल पर है वहां हेडमास्टरों ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। दैनिक मजदूरी में रसोइए बुलाए गए हैं। स्वसहायता समूह की सदस्य रसोईयों की जगह मध्यांह भोजन बना रहे हैं।*

*- अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ, दुर्ग*

### व्यवस्था प्रभावित नहीं

*बच्चों को भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था की है। किसी भी स्कूल में व्यवस्था बाधित नहीं हुई है। रसोइयों के हड़ताल पर जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महिला स्वसहायता समूहों को मध्यान्ह भोजन बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह व्यवस्था जिले के सातों ब्लॉकों में लागू की गई है, जिससे बच्चों को समय पर भोजन मिल रहा है। हालांकि कुछ स्कूलों में अस्थायी समायोजन की आवश्यकता पड़ी है। लेकिन कहीं भी मध्यान्ह भोजन योजना बंद नहीं है।*

*- बीआर बघेल, डीईओ, जगदलपुर*

### महिला समूहों को जिम्मेदारी

*रसोइयों की हड़ताल को देखते हुए महिला स्वसहायता समूहों को एमडीएम संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी स्थिति में मध्यान्ह भोजन बंद नहीं होना चाहिए। प्रशासन निरंतर निगरानी कर रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बच्चों को नियमित रूप से भोजन मिलता रहे।*

*- राजेश गुप्ता, बीईओ, जगदलपुर*

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में जमीन की नई दरें निर्धारित

## रजिस्ट्री की नई दरें...कहीं राहत-कहीं यथावत, आउटर में कीमत कम, शहरों में 100 फीसदी तक इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के लिए शासन ने जमीन की संशोधित गाइडलाइन लागू कर दी है। नई गाइडलाइन में नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में पहले बढ़ाई गई जमीन की दरों में 20 से 50 प्रतिशत तक राहत दी गई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में दरें यथावत रखी गई हैं। जमीन की दरों में यह संशोधन वर्गमीटर और हेक्टेयर, दोनों स्तर पर किया गया है। पूर्व में नई दरों में शहर के शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग से लगी जमीन की कीमत प्रति वर्गमीटर एक लाख 95 हजार रुपए तथा सड़क से 20 मीटर अंदर की 95 हजार प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई थी। इस मार्ग में अब 20 मीटर अंदर की जमीन की कीमत में कोई संशोधन नहीं किया है, लेकिन मुख्य मार्ग से लगी जमीन की कीमत 50 हजार रुपए कम कर दी गई है। इस तरह अब प्रति वर्ग मीटर जमीन की कीमत घटकर एक लाख 45 हजार रुपए तक पहुंच गई है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। आउटर के इलाकों में, खासतौर पर रायपुर से लगे ग्रामीण इलाकों में जमीन की दरों में राहत दी गई है। इसी तरह शहर के कई वार्डों में मुख्य सड़क की जमीनों की बढ़ी कीमत में 20 से 50 प्रतिशत तक राशि घटाई गई है। जमीन की कीमत घटने से लोगों को रजिस्ट्री के दौरान स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस में भी बड़ी राहत मिलेगी।



उल्लेखनीय है कि पूर्व में रजिस्ट्री के लिए जमीन की दरें तीन चार गुना तक बढ़ाने का प्रदेशभर में भारी विरोध किया गया था। सरकार ने उसमें संशोधन के लिए समितियों का गठन किया था। जिले स्तर पर रिपोर्ट आने के बाद उसे अब लागू किया जा रहा है। रायपुर और कोरबा में जमीन की दरें लागू की गई हैं। रायपुर में जो नए रेट सामने आए हैं, उसके आधार पर कहीं राहत तो कहीं यथावत रखा गया है।

### वार्डवार हेक्टेयर में नई संशोधित दरें

| वार्ड के नाम | (मुख्य मार्ग के अंदर) हेक्टेयर में |
|---|---|
| **वीरसावरकर नगर वार्ड क्रमांक-1** | |
| रिंग रोड-4 टाटीबंध चौक से सिलतरा बायपास | 29000000- 24000000 |
| टाटीबंध चौक से हीरापुर चौक तक भनपुरी रोड | 32000000 - 24000000 |
| खारुन नदी पुल से टाटीबंध चौक तक | 40000000 - 24000000 |
| हीरापुर चौक से तेंदुआ रोड तक | 32000000 - 24000000 |
| हीरापुर-जरवाय बस्ती | 29000000 - 24000000 |
| अटारी | 15000000 - 10000000 |
| **पं.जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-2** | |
| हीरापुर से भनपुरी तिराहा चौक तक | 32000000 - 24000000 |
| रिंग रोड 2 से कबीर नगर होते हुए जीई रोड तक | 32000000 - 24000000 |
| हीरापुर चौक से महोबा बाजार तक | 32000000 - 24000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 32000000 - 24000000 |
| सोनडोंगरी बस्ती | 32000000 - 24000000 |
| हाउसिंग बोर्ड-आरडीए योजना | -15000 |
| **संत कबीरदास वार्ड क्रमांक-3** | |
| हीरापुर चौक से भनपुरी तिराहा चौक तक | 36000000 - 27000000 |
| रिंग रोड 2 से रेलवे लाइन तक भारत माता चौक | 40000000 - 27000000 |
| वार्ड अंतर्गत मुख्य संपर्क मार्ग | 36000000 -27000000 |
| **यतीयतन लाल वार्ड क्रमांक-4** | |
| डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज से भनपुरी तिराहा तक | 47000000 - 37000000 |
| भनपुरी तिराहा चौक से हीरापुर चौक मार्ग | 47000000 - 37000000 |
| रिंग रोड 2 से रेलवे लाइन तक | 40000000 - 37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 40000000 - 37000000 |
| **बंजारी माता वार्ड क्रमांक-5** | |
| भनपुरी तिराहा से डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज तक | 47000000 - 37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 40000000 - 37000000 |
| **वीरांगना अवंति बाई वार्ड क्रमांक-6** | |
| डब्ल्यूआरएस रेलवे अंडरब्रिज से भनपुरी तिराहा तक-बिलासपुर-रायपुर मार्ग | 47000000 -37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 40000000 - 37000000 |
| **कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7** | |
| मोवा रेलवे क्रासिंग से अंबुजा मॉल तक | 57000000 - 48000000 |
| बलौदाबाजार से दलदल सिवनी मार्ग | 52000000 - 48000000 |
| बलौदाबाजार रोड से विज्ञान केंद्र तक | 52000000 - 48000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य मुख्य संपर्क मार्ग | 52000000 - 48000000 |
| **महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक-8** | |
| अंबुजा माल से बलौदाबाजार रोड | 57000000 -48000000 |
| आमासिवनी रिंग रोड-3 वार्ड सीमा | 50000000 - 48000000 |
| बलौदाबाजार रोड से चैतन्य ग्रीन होकर रिंग रोड-3 मार्ग | 50000000 - 48000000 |
| बलौदाबाजार रोड से बस्ती जाने वाला सहित अन्य मुख्य मार्ग | 50000000 -48000000 |
| **मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक-9** | |
| शंकरनगर टर्निंग से अशोका रतन होकर बलौदाबाजार मिलान बिंदु मार्ग | 45000000 -30000000 |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग | 57000000 -30000000 |
| आमासिवनी रिंग रोड-3 वार्ड सीमा | 50000000 -30000000 |
| खम्हारडीह थाना रेलवे क्रासिंग कचना होते हुए शांति सरोवर मार्ग | 35000000 -30000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 35000000 -30000000 |
| **रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक-10** | |
| शंकरनगर टर्निंग पाइंट से अशोका रतन बलौबाजार मिलान बिंदु सीमा अंतर्गत | 50000000 -42000000 |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग में मोवा रेलवे क्रासिंग से वार्ड सीमा अंतर्गत | 53000000 -42000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 53000000 -42000000 |
| **डा. भीमराव आंबेडकर वार्ड क्रमांक-11** | |
| रायपुर-बलौदाबाजार रोड मार्ग सीमा अंतर्गत | 57000000 -44000000 |
| बलौदाबाजार रोड से दलदल सिवनी जाने वाला मार्ग सीता तक | 50000000 -44000000 |
| मोवा थाना से दलदल सिवनी जाने वाला सीमा अंतर्गत | 50000000 -44000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 50000000 -44000000 |
| **कालीमाता वार्ड क्रमांक-12** | |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग सीमा | 66000000 -44000000 |
| अवंति बाई लौधी चौक से शंकरनगर टर्निंग पाइंट तक | 50000000 -44000000 |
| बलौदाबाजार मंडी गेट से रामजानकी मंदिर रेलवे लाइन मार्ग | 50000000 - 44000000 |
| शंकरनगर टर्निंग पाइंट से अशोका रतन मार्ग | 50000000 -44000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख सड़क मार्ग | 50000000 - 44000000 |
| **राजीव गांधी वार्ड क्रमांक-13** | |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग में फाफाडीह चौक तक | 50000000 -42000000 |
| रामजानकी मंदिर नारायण हास्पिटल होकर बिलासपुर मार्ग | 50000000 - 42000000 |
| देवेंद्रनगर चौक से एक्सप्रेस वे मार्ग | 50000000 -42000000 |
| अटल पाथ एक्सप्रेस-वे सीमा | 50000000 -42000000 |
| वार्ड अंतर्गत मुख्य सड़क मार्ग | 50000000 -42000000 |
| रमण मंदिर वार्ड क्रमांक-14 | |

▶▶शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

### लूट के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने राहगीर के साथ लूट करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद सिराज की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में खमतराई निवासी रवि शंकर तथा अनमोल साहू को गिरफ्तार किया है। सिराज ने 23 जनवरी को थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। सिराज ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वो अपने घर जा रहा था, धनेली के पास बदमाश ने उसे रोकने की कोशिश की। नहीं रुकने पर बदमाश सिराज का पीछा करते हुए बिरगांव तक आ गए और ओवरटेक कर बाइक रोक ली और सिराज की जेब से नकदी तीन हजार रुपए तथा मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे।

### डीसीपी ने महिला हेड कांस्टेबल को किया निलंबित

**रायपुर।** कबीर नगर थाना में तैनात एक महिला हेड कांस्टेबल को वेस्ट जोन के डीसीपी संदीप पटेल ने निलंबित करने आदेश जारी किया है। डीसीपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक चंद्रकला साहू को निलंबित किया गया है।


## रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर हिट एंड रन, अज्ञात वाहन ने बाइक समेत कइयों को मारी टक्कर, 3 की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिलासपुर- रायपुर नेशनल हाईवे पर तिल्दा थाना क्षेत्र के भूमिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सहित कई लोगों को टक्कर मार दी। हिट एंड रन के इस मामले में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। दो अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। मामले में तिल्दा पुलिस ने भी विवेचना शुरू कर रही है।

- तिल्दा थाना क्षेत्र के भूमिया गांव के पास हादसा

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को देर रात 11 बजे के आसपास एक अज्ञात वाहन के चालक ने कई लोगों को खतरे में डाल दिया। तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए एक बाइक सहित कई लोगों को चपेट में लिया। वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक भूमिया गांव के बताए जा रहे हैं। एक व्यक्ति ओमप्रकाश निषाद को अपनी चपेट में लिया, जिससे वह चक्के में फंसकर 6 किलोमीटर तक घिसटता रहा। जब वह निकला तो लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उसके साथ ही एक अन्य घायल का भी इलाज तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।





घायल

### हादसे के बाद हाईवे पर दहशत

हादसे के बाद चक्के में फंसे युवक को देखकर आने- जाने वाहनों के सवार दहशत में आ गए। तेज रफ्तार से चलता वाहन, उसमें फंसा युवक चीखता रहा, पर कोई उसकी मदद नहीं कर पा रहा है। कई लोगों ने रोकने का भी प्रयास किया पर सफलता नहीं मिला। कुछ समय के बाद वह किसी तरह वाहन से दूर जा गिरा। उसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

### रफ्तार के कारण रोज हो रहीं मौतें

नेशनल हाईवे में रफ्तार में लगाम नहीं होने के कारण रोज लोगों की जान जा रही है। ज्यादातर मामलों में चालक नशे की हालत में होते हैं और तेज वाहन चलाते हैं। गांवों की तरफ से आने वाले दोपहिया वाहन अक्सर चपेट में आकर जान गंवा बैठतें है। इसके अलावा हाईवे पर बैठे पशु भी हादसे का कारण बन रहे हैं।

### पुलिस ने शुरू की वाहन की तलाश

हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद विवेचना शुरू कर दी है। दुर्घटनाकारित वाहन का तलाश भी पुलिस ने शुरू कर दी है। टोल प्लाजा सहित अन्य जगहों पर लगे कैमरों को देखा जा रहा है। सड़क दुर्घटना में ग्राम भूमिया थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के निवासी घनाराम यद्‌दु, लक्ष्मीनारायण उर्फ भकला, देवेंद्र की मौत हुई है। वहीं ओमप्रकाश एवं अश्वनी साहू घायल हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




राजधानी के आउटर क्षेत्र में डकैती डालने की थी योजना

## डकैती की प्लानिंग करते गोबरा नवापारा के आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डकैती की योजना बना रहे आधा दर्जन बदमाशों को पुलिस ने तलवार, हॉकी तथा लाठी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गोबरा नवापारा से बदमाश स्कार्पियो में सवार होकर डकैती डालने रायपुर पहुंचे थे। गिरफ्तार बदमाशों में से तीन के खिलाफ गोबरा नवापारा में मारपीट, चोरी, छेड़खानी तथा चाकूबाजी के केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार बदमाश कैनल लिंक रोड, दुर्गा नगर जाने वाले मार्ग पर गाड़ी खड़ी कर ▶▶शेष पेज 13 पर

- गिरफ्तार बदमाशों में तीन का पुलिस रिकार्ड



### इन तीन बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज

गिरफ्तार बदमाश एक दूसरे की रिश्तेदारी में आते हैं और एक दूसरे के पड़ोस में रहते हैं। जिन छह बदमाशों को पुलिस ने डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है, उनमें से आलोक, नितेश तथा शुभम मारपीट, चाकूबाजी, छेड़खानी तथा मारपीट के आरोप में जेल जा चुके हैं। पूछताछ करने पर बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि जिस घर में वे डकैती डालने जाते, मकान मालिक द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने की योजना थी। बदमाशों की प्लानिंग थी कि किसी एक के साथ मारपीट करने पर परिजन सरेंडर कर देते। इसके बाद बदमाश उस मकान में रहने वाले लोगों को बंधक बनाकर डकैती डालने के बाद निकल जाते।

### आउटर में डकैती की थी योजना

पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने डकैती डालने के लिए पहले से किसी तरह प्लानिंग नहीं की थी। रायपुर पहुंचने के बाद डकैती डालने की योजना बना रहे थे। कैनल रोड सूनसान होने की वजह से बदमाश एक जगह गाड़ी पार्क कर डकैती डालने योजना बना रहे थे। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उनकी योजना शहर के आउटर मकान में डकैती डालने की थी। सूत्रों के मुताबिक बदमाश रायपुर ग्रामीण, विधानसभा थाना क्षेत्र में डकैती डाल कर बिलासपुर, बलौदाबाजार जिला की ओर भागने की फिराक में थे।

## खबर संक्षेप

### यादव भवन में बाउंड्री निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**आरंग।** यादव समाज भवन में बाउंड्री वॉल एवं चैनल गेट निर्माण कार्य का भूमि पूजन शिवसेना के पार्षद उमाकांत यादव द्वारा किया गया। यह निर्माण कार्य पार्षद उमाकांत यादव द्वारा अपने पार्षद निधि से कराया जा रहा है, जिससे समाज भवन की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, यादव समाज अध्यक्ष महेंद्र यादव सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश यादव, तुलसी राम यादव, बल्ला यादव, महेश यादव एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### मानस संगठन ने किया सुंदरकांड का पाठ



**आरंग।** शुक्रवार को श्री हनुमान मंदिर में राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन के संतों द्वारा रामायण पाठ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, आरती एवं हवन-पूजन किया गया। होरीलाल गुप्ता द्वारा श्री हनुमान जी की मूर्ति मंदिर में सुरक्षा हेतु रखी गई थी, जिसे वे अपने निज निवास बिलासपुर में स्थापित करने के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर साथ ले गए। इस अवसर पर उनकी सम्मान में भजन-आरती कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, परमानंद धीवर, धनऊ धुरंधर, कीमत साहू, हीरालाल साहू सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने भगवान से प्रार्थना कर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की।

### गांधी की पुण्यतिथि पर बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**आरंग।** शुक्रवार को गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के बच्चों ने गांधीजी को स्मरण करते हुए गांधीजी के प्रिय भजन "रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम" का गायन किया। साथ ही मौन धारण कर गांधीजी को श्रद्धांजलि दी। वहीं शिक्षकों ने गांधीजी के जीवन परिचय और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी है। वहीं बच्चों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### हिरामन साहू को बनाया गया ब्लॉक संयोजक

**आरंग।** मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और योजना को मजबूती देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत आरंग विकासखंड में संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में लखौली के सरपंच हिरामन साहू को आरंग ब्लॉक का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति मनरेगा बचाओ अभियान के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी डॉ. शिवकुमार डहरिया द्वारा की गई। नियुक्ति के पश्चात नव-नियुक्त संयोजक हिरामन साहू द्वारा आरंग ब्लॉक अंतर्गत सभी मंडलों एवं ग्राम पंचायतों में ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ दौरा कर संगठन को मजबूत करने एवं मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर पप्पू राजेंद्र बंजारे सहित संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हिरामन साहू को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# भोथली शाला के वार्षिकोत्सव में बच्चों की45 प्रस्तुतियां ने किया भरपूर मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोथली

ग्राम भोथली संकुल खमतराई के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में वार्षिक उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक कला और देशभक्ति का ऐसा रंग बिखेरा कि पूरा गांव तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम में सरपंच, पंचगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सरपंच भेषण लाल साहू ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति समाज की आत्मा होती है और सड़कें, नालियां, बिजली मानो गांव का शरीर हैं, पर स्कूली बच्चों की प्रतिभा, गीत और नृत्य गांव की धड़कन हैं। अन्य अतिथियों ने भी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ हुई, जिसके बाद छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू बिखेरते हुए बच्चों ने पंथी, सुवा, कर्मा, राउत नाचा की 45 मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। छत्तीसगढ़ी संस्कृति के साथ-साथ ओडिसी नृत्य ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के उत्साह को देखते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मुक्त कंठ से सराहना की और नगद राशि देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## मेधावी और कलाकार छात्रों को किया गया पुरस्कृत



### नगद राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों सत्र 2023-24, सत्र 2024-25 कक्षा 5वीं और 8वीं के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया, जिसमें गणमान्य द्रोण चंद्राकर, नर्मदा चंद्राकर, अवधराम लोधी, मोतीलाल सोनवानी, मुरली चंद्राकर की सहभागिता रही। मंच संचालन प्रधान पाठिका तारामति बंजारे ने किया। इस अवसर पर पंचगण भारती लोधी, गौरी लोधी, उर्मिला धीवर, रेमुन धीवर, गीता सोनवानी, सरोज साहू, जमुना देवदास, नारायण सोनवानी, नरेंद्र बंजारे, विजय लोधी, रिखी यादव, शंकर साहू एवं रामेश्वर लाखे, नूतन धीवर आदि तथा संकुल समन्वयक हरीश दीवान, प्राथमिक प्रधान पाठकगण दिगंबर बरिहा, अरविंद वैष्णव, शिक्षकगण सुंदरलाल साहू, विनोद कुमार यादव, अनिल कुमार जांगड़े, ममता तांडव, विष्णु ध्रुव, कृष्णा चंद्राकर, तारकेश्वर डडसेना, नोहर लाल यादव, फातिमा जांगड़े, विमला चौहान आदि सहित ग्रामवासियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही।

## विरोध : तिल्दा हाईवे पर करीब आधे घंटे तक लोग जाम में फंसे

# मनरेगा एक्ट का विरोध और धान खरीदी तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और जिला कांग्रेस कमेटीरायपुर के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर तिल्दा में कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम और धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग को शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन के साथ ही चक्काजाम किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने बीच सड़क पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शन के चलते वहां दोपहिया-चारपहिया वाहनों की कतारें लगी रहीं। तिल्दा हाईवे पर करीब आधे घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। प्रशासन ने समझाइश के बाद जाम समाप्त करवाया और मांगें उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बाद में राज्यपाल के नाम तहसीलदार को नाम ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम स्थगित किया गया।

तिल्दा शहर व ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष अजितेश शर्मा,बलदाऊ राम साहू की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में रायपुर जिला के कई नेता भी मौजूद रहे।कांग्रेसियों के मुताबिक सरकार की दमनकारी नीतियों से किसानों का नुकसान हुआ है।कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार मनरेगा का नाम बदलकर इस योजना को बंद करना चाहती है। जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है। सरकार धान खरीदी की डेट भी आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। कई किसान अपनी धान नहीं बेच पाए हैं।कांग्रेस ने कहा है कि आगे मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे। तिल्दा में हुए इस जाम में, देवेंद्र वर्मा,गजानंद वर्मा सुनील सोनी, ओम ठाकुर, लक्ष्मी नारायण वर्मा, राहुल तेजवानी ,देवादास टंडन,के कृष्णमूर्ति, दिलीप देवांगन , राजेश कोटवानी, सनद सेन,अनिल बत्रा,, हरि मार्कण्डेय, कैलाश गांधी, लाला शर्मा, तारण दास डहरिया, दशरथ डहरिया,, योगेंद्र साहू, योगेंद्र पटेल, अनिल सिंह, अनूप रवानी ,रवि बांधे, नवीन अग्रवाल,प्रशांत गुप्ता, , गोवर्धन यदु सहित भारी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

### मनरेगा बचाओ व धान खरीदी की तिथि की तिथि वृद्धि की मांग पर किया प्रदर्शन

**आरंग।** धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर चल रहे किसानों के आंदोलन को लेकर अब कांग्रेस पार्टी खुलकर मैदान में उतर आई है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आरंग विधानसभा क्षेत्र के रसनी टोल प्लाजा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दिवसीय शांतिपूर्ण लेकिन आक्रामक धरना–प्रदर्शन कर सरकार की किसान-विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोला। यह धरना छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार तथा पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की नाकामी के कारण धान उत्पादक किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं, जबकि शासन आंख मूंदकर बैठा है। धरना स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कहा कि समय पर धान खरीदी नहीं होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और मनरेगा को कमजोर कर ग्रामीण मजदूरों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला किया जा रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी की अवधि नहीं बढ़ाई गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना–प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही गांधी जी के सिद्धांतों पर चलते हुए अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग अध्यक्ष कोमल साहू एवम चंदखुरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने आक्रामक स्वर में कहा यह सरकार किसानों की नहीं, दलालों की सरकार बन चुकी है। कांग्रेस किसानों के हर आंदोलन के साथ खड़ी है और जब तक धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ेगी, तब तक सड़क की लड़ाई जारी रहेगी।



# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के तत्वाधान मे शास्त्री चौक अभनपुर मे किसानो की धान खरीदी का समय बढ़ाने व मनरेगा को पुनः शुरू करने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ ने मौन धरना प्रदर्शन व सांकेतिक चक्काजाम कर अ नु वि भी य अधिकारी अभनपुर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि छग शासन की किसान विरोधी नीतियो के कारण प्रदेशभर के 3 लाख पंजीकृत किसान को टोकन जारी हो पाया तथा धान ब्रिकी करने से वंचित हो रहे है,किसान अपने धान को औने पौने दाम मे बिचौलियो को बेचने को मजबूर हो रहे है,सरकार किसानो के साथ धान खरीदी मे तरह तरह के हथकंडे अपनाकर धान खरीदने से बच रही है इसी तरह मनरेगा के माध्यम से गरीब किसान मजदूरो को सालभर की रोजी रोटी के लिए व्यवस्था हो जाती थी यह महत्वकांक्षी योजना का नाम बदलकर केवल वाहवाही लूटी जा रही है,अभी तक की स्थिती मे किसी गांव मे काम नही शुरू नही हो पाया है इन दोनो जनहितैषी मुद्दो को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ के साथ मौन धरना प्रदर्शन किया गया इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष भोला सोनवानी,ब्रम्हानंद ठाकुर,पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,राजू शर्मा,नीलकमल गिलहरे,रानू राठी, हिम्मत सिंह,पार्थ वैष्णव, गिरधारी साहू,विमल साहू, श्रीमति किरण साहू,दिनेश अंबिलकर, सहदेव कोसरिया, इन्द्राम पंडेल,रामा यादव, शशि शर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

■ किसानों के आंदोलन में कांग्रेस की सीधी एंट्री

# कुकरा में बेजा कब्जा मामले पर दो को की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम पंचायत कुकरा में शासकीय भूमि से बेजा कब्जा हटाने को लेकर प्रकाशित समाचार का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। खबर सामने आने के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार मंदिरहसौद द्वारा लिखित आदेश जारी कर 2 फरवरी को ग्राम कुकरा पहुंचकर बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार मंदिरहसौद ने संबंधित विभागों को आदेशित किया है कि वे दलबल के साथ ग्राम कुकरा में उपस्थित होकर शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उक्त लिखित आदेश की सूचना ग्राम पंचायत कुकरा के सरपंच नंदलाल डहरिया को प्राप्त हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कार्रवाई स्थगित होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। इस संबंध में सरपंच द्वारा 1 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय घेराव की चेतावनी भी दी गई थी, जिसकी खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आया और प्रशासनिक स्तर पर निर्णय लिया गया। इस संबंध में सरपंच नंदलाल डहरिया ने कहा कि "खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने लिखित आदेश जारी किया है। अब 2 फरवरी को कार्रवाई होती है या नहीं, इस पर ग्राम पंचायत और ग्रामीण पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल ग्राम कुकरा में प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर हलचल तेज है और 2 फरवरी को होने वाली कार्रवाई पर पूरे क्षेत्र की निगाहें टिकी हुई हैं।

# जोता में महतारी सदन निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा विकास खंड के ग्राम जोता में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन के निर्माण का आज शुभारंभ हुआ. मंत्री टंकाराम वर्मा के द्वारा ग्राम जोता में महतारी सदन बनाए जाने के लिए 25 लख रुपए की घोषणा की गई थी. उसके बाद महतारी सदन के निर्माण के लिए भूमि पूजन मंत्री के कर कमलो किया गया था ,शुक्रवार को सरपंच श्रीमती योगिता कृष्ण कुमार वर्मा ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ इया , इस अवसर पर उपसरपंच श्रीमती गीतू महेश कोशले, राजेश यादव, राजकुमार गेंन्द्रे, नीरा कुर्रे, बुधारू निर्मलकर, भागवत दास महिलांग, केवरा कुर्रे, प्रदीप सिंह, राधेश्याम यादव,भाजपा तिल्दा ग्रामीण महामंत्री दिनेश गायकवाड, भोला अन्य ग्रामीण मौजूद रहें. सरपंच योगिता कृष्ण वर्मा ने कहा कि 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भव्य महतारी सदन के निर्माण कार्य का आज शुभारंभ किया गया है, सरपंच ने मंत्री टंकाराम वर्मा को धन्यवाद देते हुए. उनके प्रति आभार व्यक्त किया ,सरपंच ने कहा कि समस्या कभी खत्म नहीं होती है इसीलिए हम मंत्री से गांव के हर समस्या के निदान के लिए अपेक्षा रखते हैं. और हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके मंत्री के द्वारा गांव के विकास में हमेशा इसी तरह सहयोग दिया जाता रहेगा.

# श्री अरुंधति देवी स्कूल के वार्षिक खेलोत्सव में आकर्षक मार्चपास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



पीएम श्री अरुंधति देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मा.वि. आरंग में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष खिलेश धुरंधर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित समारोह की शुरुआत भारत माता और सरस्वती माँ के पूजन से की गई। इसके पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी, जिससे पूरा वातावरण अनुशासन और उत्साह से भर उठा। एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल और शारीरिक फिटनेस बेहद आवश्यक है। खेल हमें न केवल जीतना सिखाते हैं, बल्कि हार को गरिमा के साथ स्वीकार करना और फिर से प्रयास करना भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। युवाओं को नशा-मुक्त जीवन अपनाने और मोबाइल गेम्स की लत से बाहर निकलकर मैदानी खेलों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने कहा कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलकूद दिवस के आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। एस.एम.डी.सी. सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने भी बच्चों को प्रेरित किया। खेल शिक्षिका प्रीति साहू के कुशल एवं अनुभवी निर्देशन में उक्त विद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलों का शानदार आयोजन हुआ। कक्षा पहली से 12वीं के कक्षा शिक्षकों प्रियंका खड़का, बी. फातिमा, मोनिका थावरानी, भारती रजक, रिमझिम वाणी, अंजली यादव, आकाश शर्मा, यश प्रधान, तृप्ति आदिल, दिव्या यादव, कविता वर्मा, रमनदीप कौर, गुंजा, स्मिता रघुवंशी, युवराज मिश्रा, वामिका फिरदौस, विकास पाठक, तरन्नुम अख्तर एवं मयंक लुनिया आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंग्रेजी माध्यम से एच.एम. (प्राथमिक) कनकलता वर्मा के साथ सभी व्याख्याता और शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल थे। हिंदी माध्यम से उप-प्राचार्य लोकेश्वर साहू, व्याख्याता कमलेश साहू, आशारानी आदि सभी स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छविचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और उनके आदर्शों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेसअध्यक्ष अजितेश शर्मा ने महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दिशा दी। उन्होंने अफ्रीका में भी अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और भारत को बिना खून-खराबे के आज़ादी दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस अवसर पर ग्रामीणअध्यक्ष, बलदाऊ साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्णमूर्ति,कैलाश गाँधी ,राहुल तेजवानी,, देवा दास टंडन, सुनील सोनी, ओम ठाकुर, लक्ष्मी नारायण वर्मा, दिलीप देवांगन ,राजेश कोटवानी,सनद सेन,हरिराम , लाला शर्मा, ,अनिल बत्रातारण दास डहरिया, दशरथ डहरिया, कश्यप जी, योगेंद्र साहू, योगेंद्र पटेल, अनिल सिंह,अनूप रवानी , रवि बांधे, नवीन अग्रवाल,प्रशांत गुप्ता, गजानंद वर्मा मार्कण्डेय,सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर शहर की हृदय स्थल गांधी चौक पर कांग्रेसियों ने गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया औरसभी ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### गांधीजी को सेवक संघ ने श्रद्धांजलि दी

**अभनपुर।** मिनी माता आश्रम बड़े उरला में अनुसूचित जाति सेवक संघ अभनपुर के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया । अवसर पर मिनी माता आश्रम के नवीन कार्यालय का शुभारंभ भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बापू ने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और संपूर्ण विश्व को शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया। उनकी पुण्यतिथि पर पूरा भारतवर्ष उन्हें नमन करता है और उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति सेवक संघ प्रदेश सचिव पन्नालाल नवरंगे, फतीश साहू,टिकेंद्र बघेल, श्रीमती धनेश्वरी डांडे, श्रीमती मोगबाई हरवंश , भरत देवांगन,जयवर्धन बघेल घासु साहू, दीपक कोसरिया, गणेश सिन्हा, कमलेश बघेल, सुनील मातुरकर, टेकचंद सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, नीलकंठ मार्कण्डेय सहित मिनी माता आश्रम के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

### भागवत कथा में सुदामा चरित्र को को सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

**सिलयारी।** हम सभी भक्ति का मार्ग छोड़कर शरीर के मोह में उलझे हुए हैं। मानव शरीर को पाकर हम अभिमान करते हैं लेकिन याद रखना चाहिए कि, शरीर मृत्यु के समान है। अंत समय में इसके मिट्टी भी काम नहीं आते। शरीर माला की तरह है। धागा टूटने पर जिस तरह माला बिखर जाता है उसी तरह शरीर भी बिखर जाता है। उक्त बातें पं. रविकांत दुबे खौना वालें ने कही। ग्राम मढ़ी के ठाकुरदेव चौक में समस्त मोहल्लावासियों की सहयोग से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन गुरूवार को कथावाचक ने व्यास पीठ से सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया तो भक्त भावविभोर हो उठे। खुद कथा व्यास भी रो पड़े और भक्तों की आंखे भर आई। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है।

# खौली स्कूल के वार्षिकोत्सव व मातृ सम्मेलन में बच्चों की प्रतिभा झलकी

**आरंग।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामलाल चंद्राकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में वार्षिकोत्सव, मातृ सम्मेलन एवं आनंद मेला का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर पूरी तरह से उल्लास, रंगारंग गतिविधियों और अभिभावकों की सहभागिता से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव कुमार चंद्राकर (अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति), राजेन्द्र कुमार टंडन (सरपंच खौली) तथा मुकेश चंद्राकर (उपसरपंच खौली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रद्धा तिवारी ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टॉल लगाए गए, जिनका मुख्य अतिथि सहित अतिथियों ने अवलोकन कर बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया एवं उनके कौशल की सराहना की। साथ ही विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन जीत लिया। मातृ सम्मेलन के दौरान माताओं के लिए विविध खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच आत्मीय संबंध को और मजबूत किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सदस्य, शाला विकास समिति के सदस्यगण, शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कर्मचारी, बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंचराम साहू, उगेश साहू एवं जयश्री दिलीप यादव द्वारा किया गया। अंत में संस्था की प्राचार्य श्रद्धा तिवारी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।



## खबर संक्षेप



### विधायक सोनी ने सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने पंजाबी कॉलोनी अरविंद नगर के पास विधायक निधि मद से 5 लाख रुपए की लागत से नवीन सामुदायिक भवन बनाने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता और आम जान उपस्थिति थे। श्री सोनी ने कहा, रायपुर दक्षिण विधायक निधि आम जनता की निधि है और इसका आम जनता सुविधा के लिए जनहित में सदुपयोग किया जाता है। श्री सोनी ने नए सामुदायिक भवन को तय समयसीमा में बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ई-डिस्ट्रिक्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में शुक्रवार को ई-डिस्ट्रिक्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह की मौजूदगी में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकसेवा केंद्र की ई-प्रबंधक कीर्ति शर्मा, तहसीलदार राकेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी सहित चॉइस सेंटरों के ऑपरेटर शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दस्तावेज सही से भरने से लेकर सेवाओं में क्या-क्या दस्तावेज होना चाहिए के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

### कबीरपंथ के सोलहवें संवाहक का ऐतिहासिक चादर तिलक समारोह



**रायपुर।** सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशावली के सोलहवें वंशाचार्य एवं संवाहक हुजूर उदितमुनि नाम साहब का विधिवत चादर तिलक समारोह अत्यंत भव्यता, आध्यात्मिक गरिमा एवं पंथीय मर्यादा के साथ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में संपन्न हुआ। यह अनुष्ठान 15वें वंशाचार्य हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब के कर-कमलों द्वारा तथा गुरु गोस्वामी डॉ. भानुप्रताप साहब की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी सैकड़ों संत-महंत, धर्माचार्य एवं देश-विदेश से पधारे लाखों श्रद्धालु भक्तजन बने। इस समारोह की आध्यात्मिक महत्ता केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि पांच शताब्दी से अधिक पुरानी अटल परंपरा से जुड़ी हुई है। विक्रम संवत 1570 में स्वयं सद्गुरु कबीर साहब ने हुजूर चूरामणि नाम साहब (उर्फ मुक्तामणि नाम साहब) का चादर तिलक कर उन्हें गद्दी पर आसीन किया था। इस अवसर पर गुरुमाता साहिबा विजयलक्ष्मी देवी, गुरुमाता साहिबा मनीषा देवी एवं गुरुमाता साहिबा सुलक्षणाजी की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही संपूर्ण कबीरपंथ समाज समेत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं विधायक भावना बोहरा भी मौजूद रहीं।

### हीरापुर-जरवाय, सोनडोंगरी में दर्जनों खसरों की भूमि अवैध कॉलोनी घोषित

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अनियोजित विकास और अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसते हुए नगर निगम रायपुर ने हीरापुर–जरवाय एवं सोनडोंगरी क्षेत्र में अनेक खसरों की भूमियों को अवैध कॉलोनी के रूप में चिन्हित किया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन समस्त खसरा नंबरों की भूमि का अधिग्रहण रायपुर नगर निगम द्वारा किया जा रहा है और इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार हीरापुर/जरवाय क्षेत्र में बीरेंद्र सिंह व लक्ष्मी सिंह, दीपु प्रसाद एवं परागा बाई, राहुल शर्मा सहित अन्य भूस्वामियों के नाम दर्ज खसरा नंबर 86/13, 87/4, 87/5, 88/3, 89/5, 90/2, 84/3, 84/4, 84/1 आदि भूमि अवैध कॉलोनी की श्रेणी में पाई गई है।

# भाजयुमो के 13 जिलाध्यक्षों के साथ महामंत्रियों का भी ऐलान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के बचे 13 जिलाध्यक्षों को लेकर बड़ी मशक्कत के बाद अब जाकर सहमति बनी और इनके नामों का ऐलान किया गया है। जिलों के बड़े नेताओं में किसी नेता के समर्थक को जहां अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं किसी नेता के समर्थक को महामंत्री बनाकर उनको संतुष्ट करने का काम किया गया है। कई जिलों में दो महामंत्रियों के नाम का भी घोषित करने पड़े हैं। इसी के साथ कुछ और मोर्चा के भी बचे जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान बीते माह किया गया था। जिलाध्यक्षों में 23 जिलों के अध्यक्ष ही घोषित किए गए थे, क्योंकि बाकी जिलों को लेकर पेंच फंसा हुआ था। अब जाकर उस पेंच को सुलझाकर शुक्रवार को बचे 13 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है।

**बड़ी मशक्कत के बाद नामों पर सहमति बनी**
**साथ में महामंत्रियों के नामों की भी करनी पड़ी घोषणा**




### इन इन मोर्चा में भी नियुक्ति

इसी के साथ ओबीसी मोर्चा में भिलाई दिनेश देवांगन और सक्ती का प्रेम पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। किसान मोर्चा में जशपुर का अध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी को बनाया गया है। अनुसूचित जन जाति मोर्चा में रायपुर शहर का अध्यक्ष पंकज जगत, भिलाई का खगेस कोसरिया, कोंडागांव का झुमुक नाग, बस्तर का विनय सोना और बीजापुर का हितेंद्र नाग को बनाया गया है।

### ये बने अध्यक्ष और महामंत्री

जो जिले बचे थे उसमें रायपुर शहर भी था। अब रायपुर शहर का अध्यक्ष जहां अर्पित सूर्यवंशी को बनाया गया है, वहीं शंकर साहू महामंत्री बने हैं। इसी तरह से बस्तर में अध्यक्ष अभिलाष यादव, महामंत्री सत्यम झा और रामप्रसाद मोर्य, नारायणपुर में अध्यक्ष परमानंद नाग, महामंत्री दीपेंद्र मोयर, बस्सू दत्ता, राजनांदगांव में अध्यक्ष चिंटू सोनकर, महामंत्री नोमेश वर्मा, आशुतोष सिंह राजपूत, बेमेतरा अध्यक्ष विजय वर्मा, महामंत्री आयुष शर्मा, गौरव यदु, कवर्धा में अध्यक्ष उमंग पांडे, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल, जशपुर में अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह, महामंत्री गोपाल कश्यप, राजा सोनी, मुंगेली में अध्यक्ष राकेश साहू, खैरागढ़-छुईखदान में आयश सिंह बोनी, महामंत्री विक्रांत चंद्राकर, कोरबा में अध्यक्ष वैभव शर्मा, महामंत्री मोंटी पटेल, धमतरी में अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, महासमुंद में अध्यक्ष अमन वर्मा, महामंत्री प्रखर अग्रवाल और गौरेला पेंड्रा मरवाही में अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे और महामंत्री अमर गुप्ता बनाए गए हैं।

**एमपी, यूपी, उत्तराखंड और केंद्र के अफसर हुए शामिल**

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के सिंगल विंडो सिस्टम का प्रेजेंटेशन, चार राज्यों के अफसरों ने किया मंथन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

नवा रायपुर में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17वीं बैठक में छत्तीसगढ़ की ओर से राज्य में लागू सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का प्रेजेंटेशन दिया गया। इस बैठक में परिषद के सदस्य राज्य एमपी, यूपी, उत्तराखंड के अफसरों समेत केंद्र सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ द्वारा वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की प्रस्तुति दी गई, जिसे जुलाई 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लॉन्च किया गया है। यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को एकीकृत करता है, जिससे औद्योगिक निवेश, भूमि प्रबंधन, पर्यावरणीय स्वीकृति और सब्सिडी प्रक्रिया में उल्लेखनीय तेजी आई है। इसके साथ ही दंतेवाड़ा मॉडल के तहत ब्लॉक-चेन आधारित सुरक्षित भूमि अभिलेख प्रणाली और एआई-आधारित विद्या समीक्षा केंद्र को शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की अभिनव पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया।



### इसलिए खास है परिषद की यह बैठक

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की इस बैठक का विशेष महत्व है क्योंकि इसमें मध्य क्षेत्रीय परिषद की मुख्य बैठक से पहले एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाता है, इसमें लिए गए निर्णय और सिफारिशें परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाते हैं। बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों के लंबित अंतर्राज्यीय मामलों के समाधान, नीतिगत समन्वय को सुदृढ़ करने तथा विकास परियोजनाओं में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जाता है।

### बैठक में शामिल हुए ये अफसर

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील, केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय के सचिव आशीष श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव शुभा ठाकुर, मध्यप्रदेश की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शामी, उत्तरप्रदेश के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और उत्तराखंड के प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुंधाशु सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी तथा चारों राज्यों के संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

### 17वीं बैठक में 50 बिंदुओं पर चर्चा

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17 वीं बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चारों राज्यों में सामाजिक- आर्थिक विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित विषयों के निराकरण और बेहतर समन्वय के लिए 50 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मध्य क्षेत्र के इन चारों राज्यों से संबंधित प्रशासनिक, आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों का समाधान निकालने तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में मौजूद अधिकारी चारों राज्यों के नवाचारों और बेस्ट प्रेस्टिसेस से भी रू-ब-रू हुए।

### इन राज्यों ने भी दिया प्रेजेंटेशन

इस बैठक में अन्य तीन राज्यों के अफसरों ने भी प्रेजेंटेशन दिया। मध्यप्रदेश ने ग्रामीण पर्यटन विकास को अपनी प्रमुख बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में प्रस्तुत किया। इसके तहत 125 गांवों में होम-स्टे और स्थानीय संस्कृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखंड द्वारा किसान-से- आईटीबीपी आपूर्ति श्रृंखला योजना के माध्यम से सीमावर्ती किसानों की आय वृद्धि, डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम से प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी द्वारा जल स्रोतों के पुनर्जीवन की पहलों का प्रस्तुतीकरण किया गया। उत्तरप्रदेश के अधिकारियों ने शहरी क्षेत्रों में आवासीय सुधारों की नई पहलों, श्रम न्याय सेतु पोर्टल तथा सेवा मित्र जैसे नवाचारों पर प्रस्तुतिकरण दिया।

### सीएस ने बैठक को बताया उपयोगी

मुख्य सचिव विकास शील ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक में कहा कि आज चारों राज्यों एवं केंद्र सरकार के अधिकारियों के बीच राज्य सरकारों और भारत सरकार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर रचनात्मक और उपयोगी चर्चा हुई है। निरंतर संवाद और अंतर्राज्यीय सहयोग के जरिए मध्य क्षेत्र के राज्यों के साझा हितों को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय के सचिव श्री आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज हुई चर्चा के निष्कर्षों के अनुरूप चारों राज्य तत्काल कार्यवाही प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र सरकार के बीच विचार-विमर्श से आपसी संवाद बेहतर होंगे। केंद्र सरकार एवं मध्य क्षेत्रों के राज्यों की साझा समस्याओं के समाधान के लिए ठोस व व्यावहारिक निर्णय लेने में इससे मदद मिलेगी।

# 48 साल पुराना नामांतरण निरस्त, जांच के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने महासमुंद जिले के बागबाहरा तहसील अंतर्गत ग्राम ओंकारबंद स्थित भूमि नामांतरण के 48 साल पुराने एक प्रकरण में नामांतरण को निरस्त किया है। साथ ही उन्होंने इस मामले में तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मामले में संभागायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओंकारबंद स्थित 7.37 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण 21 अप्रैल 1978 को किया गया था, जो लगभग 48 वर्ष पुराना है। यह नामांतरण रंभाबाई, बेवा रामचरण को निःसंतान बताकर अन्य व्यक्तियों द्वारा अपने पक्ष में करा लिया गया था, जबकि अपीलार्थी बुढ़ान सिंग के दादा उदेराम उस समय जीवित थे और वे रंभाबाई के पुत्र थे। इस प्रकरण में अपीलार्थियों ने प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की थी, जिसे निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद द्वितीय अपील संभागायुक्त रायपुर के न्यायालय में की गई। सभी तथ्यों एवं अभिलेखों के अवलोकन के बाद संभागायुक्त ने उक्त नामांतरण को निरस्त करने का आदेश पारित किया। साथ ही प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे मामले की विधिवत जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।



■ संभागायुक्त महादेव कावरे ने प्रकरण में सुनवाई कर पारित किया आदेश

# प्रदेशाध्यक्ष के पार्टी छोड़ने के 24 घंटे बाद आप ने नियुक्त किए दो नए कार्यकारी अध्यक्ष

**अब तीन कार्यकारी अध्यक्ष संभालेंगे जिम्मेदारी**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा पद छोड़ने सहित प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दिए जाने के सिर्फ 4 घंटे के भीतर पार्टी ने दो नए कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इस फैसले के तहत उत्तम जायसवाल के साथ देवलाल नरेटी और अभिषेक मिश्रा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब आम आदमी पार्टी की कमान प्रदेश के तीन अध्यक्ष संभालेंगे। आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में उत्तम जायसवाल का राजनीतिक कद और अधिकार क्षेत्र और बढ़ सकता है। उन्हें मुखिया बनाया जाएगा, जबकि अन्य दो कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उनके अधीन रहेंगे। पार्टी ने कहा है, यह कदम पार्टी के भीतर संतुलन बनाने और अलग-अलग क्षेत्रों में संगठन को मजबूती देने की रणनीति का हिस्सा है। इससे न केवल संगठन का दायरा बढ़ेगा, बल्कि आगामी चुनावों को लेकर आप की तैयारियों को भी गति मिलेगी।



■ देवलाल नरेटी और अभिषेक मिश्रा का नियुक्ति आदेश जारी



### अंदरूनी लड़ाई से इंकार

वहीं आम आदमी पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह फैसला सिर्फ पदों की अदला-बदली नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की राजनीति में लंबी लड़ाई की तैयारी का हिस्सा है। प्रदेशभर में पार्टी द्वारा जनमुद्दों को लेकर चलाई जा रही मुहिम, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और लगातार बढ़ते जनसंपर्क कार्यक्रमों को देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई पर भरोसा जताया है। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याएं और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर आप ने हाल के महीनों में प्रदेशभर में प्रदर्शन, जनसंवाद और संगठनात्मक बैठकें तेज की हैं। पार्टी का दावा है कि उसकी राजनीति का केंद्र जनता की रोजमर्रा की समस्याएं हैं और आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव और तेज किया जाएगा। वहीं, दो साल के भीतर दो प्रदेशाध्यक्षों द्वारा पद सहित पार्टी छोड़े जाने के बाद भी सदस्य अंदरूनी लड़ाई से इनकार कर रहे हैं।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम, किया चक्काजाम

**धान खरीदी का समय भी बढ़ाने की मांग, शहर की चारों विधानसभाओं में आंदोलन**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर शहर की चारों विधानसभाओं में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। बोरियाखुर्द मुख्य मार्ग और बिरगांव में चक्का जाम किया गया। इसी के साथ धान खरीदी का समय एक माह बढ़ाने की मांग भी की गई है।

धरना कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के आदर्शों को स्मरण करते हुए मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। धरना प्रदर्शन रायपुर ग्रामीण के बोरियाखुर्द, रायपुर पश्चिम के पहाड़ी चौक, रायपुर उत्तर के फाफाडीह चौक एवं रायपुर दक्षिण के राजीव गांधी चौक विधानसभा पर आयोजित किया गया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में किए जा रहे बदलावों का विरोध किया। धरना प्रदर्शन में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, चारों विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार से मांग की कि मनरेगा को कमजोर करने के सभी निर्णय तत्काल वापस लिए जाएं, काम और मजदूरी की पूरी गारंटी सुनिश्चित की जाए तथा महात्मा गांधी के नाम और विचारों की गरिमा बनाए रखी जाए। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, मनरेगा देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी है, लेकिन भाजपा सरकार लगातार बजट कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और योजना के स्वरूप में बदलाव कर इसे समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के लिए सबसे मजबूत सामाजिक सुरक्षा कानून है। भाजपा सरकार इसे कमजोर कर देश के सबसे गरीब वर्ग से उसका हक छीनने का काम कर रही है।



### ये रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रमोद चौबे, संजय पाठक, कन्हैया अग्रवाल, महेंद्र छाबड़ा, दीपक मिश्रा, एजाज ढेबर, गिरीश दुबे, शिव सिंह ठाकु,र धनंजय ठाकुर, सुंदर जोगी, सतनाम पनाग, देवेंद्र यादव, उत्तम साहू, अजीत कुकरेजा, अर्जुमन ढेबर, मिलिंद गौतम, सुनील कुकरेजा, राधेश्याम विभार, उत्तम साहू, कमलेश नथवानी, ममता राय, सुनीता शर्मा, कुलदीप मनोज मसंद, आसिफ मेमन उपस्थित थे।


# केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान आज रायपुर में सीएम-मंत्रियों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ जाएंगे। राजधानी रायपुर, दुर्ग एवं नया रायपुर में होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से वे किसानों से सीधा संवाद करेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रियों सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार प्रातः 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर में थोड़े समय रुकने के बाद सीधे गांवों और किसानों के बीच जाएंगे।

श्री चौहान सुबह 10 बजे रायपुर से गिरहोला, खपरी (जिला दुर्ग) के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 11 बजे ग्राम गिरहोला पहुंचेंगे। 11 बजे से 12 बजे तक वे ग्राम गिरहोला एवं ग्राम खपरी में खेत भ्रमण और पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। यहां वे केंद्र की प्रमुख कृषि योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई आदि के लाभों पर भी चर्चा करेंगे।



■ प्रदेश के किसानों से सीधा संवाद भी करेंगे

# नई भूमि गाइडलाइन से मिलेगी राहत



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

छत्तीसगढ़ में भूमि की गाइडलाइन दरों के युक्तिकरण एवं सरलीकरण के तहत रायपुर एवं कोरबा जिलों के लिए जारी संशोधित भूमि गाइडलाइन को लेकर रियल एस्टेट क्षेत्र, स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यवसायिक संगठनों में उत्साहजनक माहौल है। नई गाइडलाइन को जनहितकारी बताते हुए छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन (क्रेडाई) सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने रायपुर स्थित वित्त मंत्री ओपी चौधरी के शासकीय निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य मुलाकात की और आभार व्यक्त किया। क्रेडाई द्वारा 30 जनवरी 2026 से प्रदेश में लागू संशोधित भूमि गाइडलाइन के लिए वित्त मंत्री श्री चौधरी का सम्मान किया गया।

एसोसिएशन ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर एवं आम नागरिकों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा गाइडलाइन दरों में यथार्थपरक एवं संतुलित संशोधन किया गया है। इससे प्रदेश में मकान, प्लॉट एवं अन्य अचल संपत्तियों के क्रय-विक्रय में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक आहूजा, सचिव विक्रांत डोसी, कोषाध्यक्ष दीपक जैन सहित राज्य सलाहकार समिति के सदस्य हेमंत सेठिया, गुरुदास सत्रे, योगेश बोथरा, विनोद छिपा, मनोज महंती एवं संजय निलांजने उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानें खोलने का कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राज्य की शराब दुकानों को खोले जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया। इसके विरोध में शहर कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में शराब दुकानों के सामने जमकर प्रदर्शन किया। शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानों के खुलने का विरोध किया। शहर की कई शराब दुकानों के सामने कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने हाथों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर रघुपति राघव राजा राम भजन का सामूहिक गायन कर सरकार के निर्णय के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से शराब दुकान के बोर्ड पर कालिख पोतकर उसे जलाया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि सरकार तत्काल इस निर्णय को वापस ले और महापुरुषों की स्मृति व जनभावनाओं का सम्मान करे। इस प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, श्रीनिवास बंशी कन्नौजे, प्रशांत ठेंगड़ी, सुयश शर्मा, विनोद ठाकुर, योगेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, शराब की काली कमाई के मोह में भाजपा सरकार ने गांधी जी की पुण्यतिथि पर शराब बिकवाई। गांधी जयंती, पुण्यतिथि और कुछ विशेष धार्मिक, सामाजिक अवसरों पर शराब बिक्री पूर्णतः बंद रखने की परंपरा रही है।



## खबर संक्षेप

### आप प्रदेशाध्यक्ष सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कोंडागांव-उमरकोट (ओडिशा) मार्ग पर कलेक्टर कार्यालय से कुछ दूरी पर स्थित नाका के पास हुआ। जायसवाल कोंडागांव जिले के किसान आंदोलन में शामिल होने आए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तम जायसवाल अपने पड़ोसी बंटी शर्मा के साथ सड़क किनारे खड़े थे, तभी बिना लाइट के तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात बाइक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उत्तम जायसवाल के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल कोंडागांव लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ही प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल कोंडागांव में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेशभर में धान खरीदी में फैली अव्यवस्था और किसानों के हित में खरीदी अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर नशेड़ी ने चाकू मारकर की थी हत्या

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के समता कालोनी में गुरुवार शाम युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। गाली-गलौज करने से नाराज होने पर युवक ने नशेड़ी की चाकू मारकर हत्या की थी। दुर्गेश ध्रुव (25) की हत्या के आरोप में पुलिस ने लीला राम शर्मा उर्फ लक्की उर्फ दादू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर लीला राम ने पुलिस को बताया है कि नशे की हालत में दुर्गेश उसके साथ गाली-गलौज कर रहा था। गाली-गलौज करने से मना करने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए और गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से नाराज होकर लीला राम ने अपने पास रखे चाकू से दुर्गेश पर जानलेवा हमला कर दिया।

## निधन

### चंद्रहास शर्मा



**रायपुर।** चंगोराभाठा निवासी सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी चंद्रहास शर्मा (76) तांदुल वाले का 29 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे अमित, आशीष एवं आदित्य शर्मा के पिता थे।

### माला वनसूत्रे



**रायपुर।** डीडीनगर के पास स्थित सेंचुरी सीमेंट कॉलोनी निवासी माला वनसूत्रे का 30 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 जनवरी को दोपहर 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संदीप वनसूत्रे की माता थीं।

### महेतरीन बाई



**रायपुर।** कमल विहार डूण्डा निवासी श्रीमती महेतरीन बाई साहू का 30 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार डूण्डा मुक्तिधाम में किया गया। वे रंगीलाल साहू की पत्नी एवं हिम्मत साहू, धनेश साहू, नरेंद्र साहू, रूपनारायण साहू की माता थीं।

# आ रही गर्मी... अंबिकापुर में रात का पारा 12 के करीब, रायपुर 18 के पार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड का प्रभाव खत्म होने के साथ प्रदेश में गर्मी धीमे-धीमे अपना प्रभाव दिखाने लगी है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 11.9 तक पहुंच गया, वहीं रायपुर का पारा 18.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अभी पश्चिमी विक्षोभ भी लगातार असर दिखा रहा है, जिसके प्रभाव से 3 फरवरी को बारिश भी होने की संभावना है।

जनवरी के अंतिम दिनों में आए पश्चिमी विक्षोभ ने ठंड बढ़ने के सिलसिले को रोक दिया था। विक्षोभ की लगातार सक्रियता की वजह से तापमान में गिरावट का दौर रुक गया और धीरे-धीरे गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक भले ही मौसम में मामूली बदलाव हो, मगर अब ठंड का दायरा सिमटता जाएगा।

अभी इसका प्रभाव सुबह के वक्त महसूस हो रहा है और आने वाले दिनों में इसका असर भी कम हो जाएगा। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दिखी है। अंबिकापुर का सामान्य से 2 डिग्री अधिक तथा रायपुर का पारा 3.8 डिग्री अधिक रहा।

### पश्चिमी विक्षोभ लगातार दिखा रहा असर, 3 फरवरी को बारिश भी



#### हल्की वर्षा होने की संभावना

दिन का अधिकतम तापमान उत्तरी इलाकों को छोड़कर शेष क्षेत्रों में सामान्य से अधिक हो चुका है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पूर्व ईरान के ऊपर 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दो नया पश्चिमी विक्षोभ 2 और 5 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। अभी न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा, मगर 2 फरवरी से न्यूनतम तापमान में क्रमशः वृद्धि होने और 3 फरवरी को उत्तरी भाग में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### सालभर में 5000 से ज्यादा कुत्तों की नसबंदी, फिर भी कम नहीं हो रही संख्या

# कुत्तों की नसबंदी का अभियान फेल, गली मोहल्ले में नजर आने लगे आवारा पिल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्ट्रीट डॉग को नियंत्रित करने नगर-निगम द्वारा चलाया जाने वाला नसबंदी अभियान फेल हो चुका है। रोजाना दस और सालभर में पांच हजार से ज्यादा नसबंदी किए जाने वाले दावों की गली-मोहल्ले में उछलकूद मचाने वाले पिल्ले पोल खोल रहे हैं। शहर में लगभग 45 हजार स्ट्रीट डॉग होने का अनुमान है और नगर-निगम इनकी संख्या कम करने के लिए पिछले कई सालों से अभियान चला रहा है।

■ शहर में लगभग 45 हजार स्ट्रीट डॉग होने का अनुमान, आने वाले दिनों बढ़ेगा कुनबा

अभी गली-मोहल्ले के भीतर झुंड में सोने अथवा उछलकूद मचाने वाले स्ट्रीट डॉग के बच्चे बड़े होकर आने वाले दिनों में राहगीरों और रहने वाले लोगों की परेशानी का कारण बन सकते हैं। रेबीज के खतरे को कम करने और स्ट्रीट डॉग की संख्या को कम करने के लिए न्यायालय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग नगर-निगम की मदद से कई साल से अभियान तो चला रहा है मगर अभियान गंभीरता और संसाधनों के अभाव में पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। रायपुर नगर-निगम क्षेत्र में सीमित संख्या बल के साथ रोजाना औसतन दस कुत्तों के बधियाकरण के दावे तो किए जा रहे हैं, मगर इसका असर इनकी संख्या पर होता नजर नहीं आ रहा है। शहर में पिछले कुछ दिनों से स्ट्रीट डॉग के पपीज (पिल्ले) अलग-अलग क्षेत्रों में काफी संख्या में घूमते अथवा खेलते नजर आ रहे हैं। पपीज की यह संख्या सवाल खड़ा कर रही है कि स्ट्रीड डॉग के बधियाकरण के लिए घूमने वाली डॉग कैचर टीम वहां तक नहीं पहुंच पाई है अथवा उसके द्वारा की जाने वाली नसबंदी फेल है।





#### जानलेवा है रेबीज

चिकित्सकों के अनुसार प्रमुख रूप से डॉग्स के काटने से रेबीज का खतरा होता है। इससे बचाव के लिए डॉग बाइट के शिकार होने के बाद जल्द से जल्द एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाना चाहिए। रेबीज का इंफेक्शन फैलने के बाद इसका नियंत्रण संभव नहीं होता और प्रभावित मरीज की देर-सबेर मृत्यु तय होती है। इससे बचाव के लिए समय-समय पर पालतू डॉग्स को वैक्सीन लगाई जाती है।

#### सात लोगों की टीम

स्ट्रीट डॉग की संख्या कम करने के लिए नगर-निगम का अभियान सात लोगों के भरोसे चल रहा है। शहर में बड़ी संख्या में घूमने वाले इन डॉग्स को पकड़ने के लिए चार डॉग कैचर एक वाहन के भरोसे हैं। डॉग कैचर से जुड़े सूत्रों का कहना है कि संसाधन के अभाव में और इन कुत्तों को पकड़ने सालों पुराने संसाधनों की वजह से अभियान पूरी तरह कारगर नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही डॉग बाइट की घटनाएं भी कम नहीं हो रही हैं, पिछले साल रायपुर जिले में करीब 13 हजार लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा था।

# 14 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी, ट्रेडिंग कंपनी का संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम ने एक कारोबारी समूह के संचालक को 14 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी ने अपने बेटे के नाम से फर्म संचालित कर बड़े पैमाने पर बोगस बिलिंग कर 80 करोड़ रुपए का बिल काट कर टैक्स चोरी की थी।



■ डीजीजीआई की कार्रवाई

डीजीजीआई की रायपुर जोनल यूनिट ने मेसर्स विजय लक्ष्मी ट्रेड कंपनी के संचालक संतोष वाधवानी को गिरफ्तार किया है, जो अपने बेटे के नाम पर फर्म का संचालन कर रहा था। संतोष को डीजीजीआई ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में इनवॉइस का मूल्य लगभग 80 करोड़ रुपए है और कर चोरी 14 करोड़ रुपए है। आरोपी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी इनवॉइस के माध्यम से धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाते हुए पाया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ।

#### जांच में सामने आया टैक्स चोरी

कारोबारी की ट्रेडिंग कंपनी की डीजीजीआई ने खुफिया जानकारी और डेटा एनालिटिक्स के आधार पर जांच की, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच की। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि कारोबारी फर्जी इनवॉइस के आधार पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने में लिप्त था। इनपुट टैक्स क्रेडिट की राशि 5 करोड़ से अधिक होने पर डीजीजीआई ने कारोबारी को सीजीएसटी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। डीजीजीआई ने कारोबारी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर शुक्रवार को जेल दाखिल कर दिया है।

## पेज 11 के शेष

### मान-मनौवल कर हेडमास्टर बनवा...

में रुकावट नहीं आनी चाहिए। इसके बाद सभी अपने-अपने स्तर पर कमान संभाले हुए हैं।

**शिक्षकों से लेकर चतुर्थ वर्ग बन रहा भोजन :** जगदलपुर जिले में हालात ऐसे बन गए हैं कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिक्षक और स्कूल प्रबंधन वैकल्पिक और अस्थायी इंतजामों के सहारे काम चला रहे हैं। कई स्कूलों में महिला स्वसहायता समूहों से मान-मनौवल कर भोजन बनवाया जा रहा है, तो कई जगह चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है। एक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ने बताया कि बीईओ कार्यालय से सख्त निर्देश हैं कि भोजन बंद हुआ तो संस्था प्रमुख पर कार्रवाई होगी। ऐसे में कई स्कूलों में शिक्षक आपस में चंदा कर मजदूरी देकर गांव से लोगों को बुलाकर भोजन बनवा रहे हैं। कुल 351 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालित है, लगभग 125 स्कूल प्रभावित है।

**केंद्रीकृत व्यवस्था इसलिए प्रभाव नहीं :** रायपुर के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन केंद्रीकृत संस्था द्वारा भेजा जाता है। यही कारण है कि यहां हड़ताल का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। रायपुर के अलावा कई जिले ऐसे भी हैं, जहां महिला स्व सहायता समूह भोजन तैयार करते हैं। उनमें से कुछ हड़ताल पर नहीं गए हैं। वे ही भोजन पका रहे हैं।

### 93 स्कूलों में हेडमास्टर....

किस ब्लॉक में कैसी है स्थितिः - पाटन ब्लॉक में दो दिन पहले यानी मंगलवार तक 10 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनना बंद हो गया था। अब इस व्यवस्था को यहां के हेडमास्टर संभाल रहे हैं। धमधा ब्लॉक के 270 स्कूलों में से 50 रसोईये हड़ताल पर नहीं गए हैं। यहां 150 स्कूलों में स्वसहायता समूह की सदस्य भोजन बना रहे हैं। 50 स्कूलों की व्यवस्था हेडमास्टर ने संभाल रखी है। -दुर्ग ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में 212 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनता है। यहां 43 स्कूलों में भोजन बुधवार तक नहीं बन पाया था लेकिन गुरुवार से हेडमास्टरों ने मोर्चा संभाला हुआ है।

### डकैती की प्लानिंग करते गोबरा...

डकैती की योजना बना रहे थे। बदमाश आपस में चर्चा कर रहे थे कि चिन्हित मकान में तीन लोग मकान के अंदर प्रवेश करते, दो बदमाश घर के बाहर निगरानी करते तथा एक बदमाश गाड़ी में बैठा रहता। मकान के अंदर डकैती डालने जाने वाले बदमाश अपना मोबाइल बंद रखते। बदमाश जब आपस में डकैती की योजना बना रहे थे, इस दौरान पास से गुजर रहे एक व्यक्ति ने डकैतों की योजना सुन ली और उसने बगैर देर किए पुलिस को संदिग्धों के बारे में जानकारी दी। डकैती डालने के बाद बदमाशों की तत्काल रायपुर छोड़ने की योजना थी। पुलिस ने बदमाशों को गुरुवार शाम पांच बजे के करीब डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है।

डकैती की योजना बनाते इन बदमाशों की गिरफ्तारी
- टिकेश शेन्द्रे उर्फ बिल्ला (30)
- आलोक साहनी (23)
- नितेश उर्फ छोटू साहनी (24)
- शुभम साहनी (19)
- इंद्र कुमार उर्फ सुमित निषाद (25)
- कुंदन साहनी (26)

### वार्डवार हेक्टेयर में नई संशोधित दरें...

| | |
|---|---|
| नहरपारा चौक से फाफाडीह चौक तक | 50000000 -42000000 |
| फाफाडीह चौक से स्टेशन होकर तेलघानी नाका तक | 50000000 -42000000 |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग में फाफाडीह चौक से वार्ड सीमा | 50000000 -42000000 |
| नहरपारा चौक से मिलान बिंदु चौक तक | 50000000 -42000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 50000000 -42000000 |
| कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्रमांक-15 | |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर फाफाडीह चौक से सीमा तक | 50000000 -37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 42000000 -37000000 |
| वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 | |
| रायपुर-बिलासपुर मार्ग में फाफाडीह चौक से सीमा तक | 47000000 - 37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 42000000 -37000000 |
| शिवानंद नगर-संतोषीनगर | 42000000 -37000000 |
| ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक-17 | |
| रिंग रोड-2 से रेलवे लाइन तक भारत माता चौक मार्ग | 48000000 - 37000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 48000000 -37000000 |
| बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक-18 | |
| भारतमाता चौक से गोंदवारा-गोगांव जाने वाला मार्ग सहित अन्य प्रमुख सीमा मार्ग | 48000000 -27000000 |
| डा. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक-19 | |
| भारत माता चौक से विवेकानंद विद्यापीठ जाने वाला मार्ग | 50000000 -27000000 |
| भारतमाता चौक से गोंदवाड़ा-गोगांव मार्ग | 48000000 -27000000 |
| रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक-20 | |
| जीई रोड टाटीबंध चौक से आमापारा चौक मार्ग | 50000000 -38000000 |
| विवेकानंद विद्यापीठ से कोटा रोड होकर जीई रोड | 50000000 -38000000 |
| जीई रोड से कबीरनगर जाने वाला मार्ग में रेलवे क्रासिंग तक | 48000000 -38000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 43000000 -38000000 |
| शहीद भगत सिंह चौक वार्ड क्रमांक-21 | |
| टाटीबंध से सरोना चौक मार्ग | 44000000 -26000000 |
| टाटीबंध चौक से हीरापुर चौक भनपुरी मार्ग | 32000000 -26000000 |
| टाटीबंध चौक से आमापारा जाने वाला मार्ग | 50000000 -26000000 |
| वार्ड अंतर्गत अन्य प्रमुख मार्ग | 32000000 -26000000 |
| पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-22 | |
| जीई रोड में टाटीबंध चौक से आरके मॉल जाने वाला मार्ग | 50000000 -32000000 |
| आरके मॉल से रेलवे ओवरब्रिज मार्ग | 50000000 -32000000 |
| टाटीबंध चौक से रायपुरा रिंग रोड-1 मार्ग | 44000000 -32000000 |
| रिंग रोड में सरोना से आमानाका थाना मार्ग | 40000000 -32000000 |
| जीई रोड से रोहिणीपुरम, गोलचौक, अनुपम गार्डन, डंगनिया मार्ग | 40000000 -32000000 |
| अन्य प्रमुख संपर्क मार्ग | 40000000 -32000000 |
| शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक-23 | |
| टाटीबंध चौक से आमापारा चौक तक | 50000000 -38000000 |
| जगन्नाथ चौक से दिशा कॉलेज रेलवे अंडरब्रिज तक | 45000000 -38000000 |
| अन्य प्रमुख संपर्क मार्ग | 45000000 -38000000 |
| सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक-24 | |
| तेलघानी नाका से दिशा कॉलेज मार्ग | 45000000 -37000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 45000000 -37000000 |
| संत रामदास वार्ड क्रमांक-25 | |
| भारतमाता चौक से वीद्यापीठ तेलघानीनाका डरब्रिज तक | 50000000 -27000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 45000000 - 27000000 |
| दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक-26 | |
| गुढ़ियारी से शुक्रवारी बाजार, पहाड़ी चौक मार्ग | 50000000 -37000000 |
| गुढ़ियारी मार्केट | |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 50000000 -37000000 |
| इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक-27 | |
| तात्यापारा चौक से जयस्तंभ चौक तक | 60000000 -50000000 |
| जयस्तंभ चौक से मौदहापारा होते हुए फाफाडीह चौक | 60000000 -50000000 |
| एमजी रोड, शारदा चौक से गुरुनानक चौक, राठौर चौक | 60000000 -50000000 |
| तात्यापारा से रामसागरपारा | 60000000 -50000000 |
| नहरपारा चौक से मिलान स्टेशन रोड बिंदु तक | 60000000 -50000000 |
| अन्य प्रमुख सड़क | 60000000 -50000000 |
| शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक-28 | |
| शास्त्री चौक से जेल रोड फाफाडीह तक | 60000000 -50000000 |
| कचहरी-अंबेडकर चौक से बलौदाबाजार मार्ग | 60000000 -50000000 |
| देवेंद्र नगर चौक से एक्सप्रेस-वे मार्ग | 60000000 -50000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 60000000 - 50000000 |
| गुरू गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक-29 | |
| रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग | 60000000 -50000000 |
| वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्ग | 60000000 -50000000 |
| शंकरनगर वार्ड क्रमांक-30 | |
| शंकरनगर, खम्हारडीह, अवंति विहार मार्ग | 60000000 -54000000 |
| शंकरनगर टर्निंग पाइंट से भगतसिंह चौक | 66000000 -54000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 60000000 -54000000 |
| नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक-31 | |
| शंकरनगर चौक से अवंति विहार मार्ग | 60000000 -54000000 |
| शंकरनगर टर्निंग पाइंट से रेलवे स्टेशन मार्ग | 66000000 -54000000 |
| थाना खम्हारडीह से कचना-शांति सरोवर मार्ग | 60000000 -54000000 |
| वार्ड अंतर्गत प्रमुख मार्ग | 60000000 -54000000 |
| महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक-32 | |
| जीई रोड, तेलीबांधा चौक, वीआईपी तिराहा चौक | 66000000 -44000000 |
| तेलीबांधा चौक से वीआईपी तिराहा तक | 66000000 -44000000 |
| जीई रोड से अवंति विहार मार्ग | 53000000 -44000000 |
| वीआईपी तिराहा से अग्रसेन धाम तक | 60000000 -44000000 |
| जीईरोड से सेंट जेवियर मार्ग | 53000000 -44000000 |
| अन्य प्रमुख सड़क मार्ग | 53000000 -44000000 |
| शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्रमांक-33 | |
| भगतसिंह चौक से तेलीबांधा मार्ग | 66000000 -50000000 |
| भगतसिंह चौक से शंकरनगर टर्निंग पाइंट मार्ग | 60000000 -50000000 |
| केनॉल लिंकिंग रोड सीमा | 60000000 50000000 |
| गुरूद्वारा के पीछे का इलाका | 60000000 -50000000 |
| पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक-34 | |
| जीई रोड में शास्त्री चौक से तेलीबांधा मार्ग | 66000000 -50000000 |
| शास्त्री चौक, कचहरी चौक सीमा | 60000000 -50000000 |
| अंबेडकर अस्पताल से कचहरी चौक तक | 60000000 -50000000 |
| केनाल रोड वार्ड अंतर्गत | 60000000 -50000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 60000000 -50000000 |
| अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक-35 | |
| शास्त्री चौक से स्टेशन जाने वाले मार्ग फाफाडीह चौक तक | 60000000 -50000000 |
| फाफाडीह चौक से बिलासपुर रोड | 60000000 -50000000 |
| जीई रोड जयस्तंभ चौक से शास्त्री चौक | 66000000 -50000000 |
| जयस्तंभ चौक से मौदहापारा-फाफाडीह चौक तक | 60000000 -50000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 60000000 -50000000 |
| तात्यापारा वार्ड क्रमांक-36 | |
| जीईरोड तात्यापारा से रामसागरपारा-राठौर चौक होकर तेलघानीनाका तक | 60000000 -50000000 |
| आमापारा चौक से अग्रसेन चौक-तेलघानीनाका तक | 60000000 -50000000 |
| आजाद चौक से हांडीपारा होकर तात्यापारा चौक तक | 60000000 -50000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 60000000 -50000000 |
| शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक-37 | |
| अग्रसेन से समता कालोनी मार्ग | 50000000 -40000000 |
| जीईरोड आमापारा चौक से अग्रसेन चौक तक | 50000000 -40000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 50000000 -40000000 |
| स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक-38 | |
| चौबे कालोनी, समता कालोनी, अग्रसेन चौक तक | 50000000 -40000000 |
| अग्रसेन चौक से तेलघानीनाका तक | 50000000 -40000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 50000000 -40000000 |
| ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक-39 | |
| आमापारा से लाखेनगर चौक तक | 45000000 -35000000 |
| लाखेनगर चौक से रायपुरा चौक तक | 45000000 -35000000 |
| लाखेनगर चौक से राजकुमार कॉलेज तक | 40000000 -35000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 40000000 -35000000 |
| पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-40 | |
| टाटीबंध से तेलीबांधा जाने वाला मार्ग | 44000000 -32000000 |
| जीई रोड से रोहणीपुरम-गोल चौक से रिंग रोड-1 तक | 40000000 -32000000 |
| अनुपमनगर गार्डन, डंगनिया-रायपुरा चौक | 40000000 -32000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 40000000 -32000000 |
| पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक-41 | |
| रायपुरा चौक से तेलीबांधा मार्ग | 44000000 -32000000 |
| रायपुरा चौक से लाखेनगर मार्ग | 40000000 -32000000 |
| लाखेनगर, रायपुरा, सुंदरनगर, कुशालपुर चौक सहित अन्य | 40000000 -32000000 |
| कुशालपुर-तिरंगा चौक, खोखोपारा स्कूल मार्ग | 40000000 -32000000 |
| महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्रमांक-42 | |
| लाखेनगर-टिल्लूचौक, लीली चौक मार्ग | 44000000 -5000000 |
| आमापारा चौक से तात्यापारा चौक तक | 66000000 -40000000 |
| लाखेनगर चौक से बूढ़ापारा मार्ग | 44000000 - 40000000 |
| ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक-43 | |
| पुरानी बस्ती से कंकाली होकर तात्यापारा चौक | 60000000 -40000000 |
| अन्य प्रमुख मार्ग | 44000000 -40000000 |
| स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्रमांक-44 | |
| कोतवाली थाना से दायी ओर सती माता मंदिर होकर आजाद चौक तक | 100000000 -50000000 |
| कोतवाली थाना से बांयी ओर आजाद चौक तक | 100000000 -50000000 |

## बिजनेस साइट

# गाइडलाइन दरों में राहत से रियल एस्टेट में आएगा बूम : क्रेडाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गाइडलाइन दरों में की गई राहत को रियल एस्टेट सेक्टर के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए क्रेडाई छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है। क्रेडाई का कहना है कि रायपुर और कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में गाइडलाइन दरों में कमी तथा शहरी क्षेत्रों में असामान्य वृद्धि में सुधार से रियल एस्टेट गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी एवं सेक्रेटरी व प्रेसिडेंट इलेक्ट अभिषेक बछावत ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश रियल एस्टेट प्रोजेक्ट शहर से लगे ग्रामीण इलाकों में विकसित हो रहे हैं, ऐसे में दरों में राहत से निवेश और निर्माण दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी 2026 से पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें लागू हो चुकी हैं। सरकार ने क्रेडाई के आग्रह को स्वीकार करते हुए जनहित में युक्तिसंगत निर्णय लिया है, जिससे किसानों, निवेशकों और राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान के अनियमित भुगतान का विरोध

रायपुर। शहीद वीरनारायण सिंह एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अनियमित भुगतान के विरोध में निजी अस्पताल के डाक्टरों काली पट्टी लगाकर अपना विरोध जताया। एएचपीआई के प्रदेश अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने बताया कि भुगतान नियमित नहीं होने की वजह से अस्पतालों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ शासन आठ साल पुराने पैकेज रिवीजन की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है, पुराने दर पर काम करना काफी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इलाज बंद करना मजबुरी हो जाएगी।

### दंत प्रत्यारोपण पर कार्यशाला

रायपुर। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दंत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एम्स में इम्प्लांट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के एजेंडा के अनुसार प्रतिभागियों को इम्प्लांट केस सेलेक्शन, सीबीसीटी आधारित ट्रीटमेंट प्लानिंग, सर्जिकल प्रोटोकॉल, प्रोस्थेटिक फेज एवं मेंटेनेंस फेज पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही हैंड्स-ऑन सत्र के अंतर्गत डमी मॉडल पर इम्प्लांट ड्रिलिंग एवं प्लेसमेंट कराया गया। वर्कशॉप के दौरान लाइव सर्जरी द्वारा इम्प्लांट प्लेसमेंट, डिजिटल इम्प्लांट इम्प्रेशन एवं ओपन/क्लोज़ ट्रे तकनीक का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों के तकनीकी कौशल को उन्नत कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण मौखिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एम्स के डाक्टरों के अलावा स्वास्थ्य विभाग से डॉ सृष्टि यदु जिला सलाहकार एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मौखिक स्वच्छता, तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों तथा नियमित दंत जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में 3 फरवरी से शुरू होगा सहयोग केंद्र



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आगामी 3 फरवरी से सहयोग केंद्र पुनः शुरू होगा। आगामी 3 फरवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय रहेंगे। 4 फरवरी को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी रहेंगे। प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन आगामी 5 फरवरी को सहयोग केंद्र में प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के साथ उपस्थित रहेंगे। 6 फरवरी को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू उपस्थित रहेंगी।

# दो बार विज्ञापन रद्द, नया नियम लागू, अब तीन का चयन साक्षात्कार के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



- पत्रकारिता विवि का मामला, बीते 11 माह से रिक्त है कुलपति का पद
- नई दिल्ली और हरियाणा के प्रोफेसर हैं दौड़ में, नए सत्र से पहले घोषणा

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि को 11 महीने बाद भी अपना कुलपति नहीं मिल पाया है। यहां कुलपति चयन के लिए जारी किया गया विज्ञापन दो बार रद्द किया गया। कुलपति चयन के पुराने नियमों में बदलाव भी किया गया। पुराने नियमों के अनुसार पत्रकारिता विवि का कुलपति बनने पत्रकारिता क्षेत्र में 20 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया था।

इसमें बदलाव कर उक्त प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। इन सबके बाद भी विद्यार्थियों को स्थायी कुलपति नहीं मिल सका है। विकास संबंधित कार्य भी अटके हुए हैं। विज्ञापन जारी किए जाने के महीनों बाद यहां कुलपति चयन के लिए फिर से हलचल शुरू हो गई है। कुलपति चयन के लिए अंतिम प्रक्रिया साक्षात्कार होती है। इसके बाद ही अंतिम नाम पर मुहर लगती है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, तीन नामों का चयन इसके लिए किया गया है। इसमें आईआईएमसी, नई दिल्ली के वीरेंद्र कुमार भारती, आशुतोष मिश्रा और हरियाणा के मनोज दयाल के नाम शामिल हैं। तीनों सदस्यों को फरवरी माह में साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। तत्पश्चात मार्च अंत तक पत्रकारिता विवि के नए कुलपति की घोषणा हो जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अधिकतर समय बगैर कुलपति के ही गुजर गया। अब उम्मीद की जा रही है कि नए सत्र 2026-27 से पहले विद्यार्थियों को नया कुलपति मिल जाएगा। वर्तमान में पत्रकारिता विवि के कुलपति का दायित्व संभागायुक्त महादेव कांवरे संभाल रहे हैं।

### तीन सदस्यी पैनल नियुक्त

राजभवन द्वारा कुलपति चयन प्रक्रिया पूर्ण करने तीन सदस्यी पैनल नियुक्त कर दिया गया है। रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ल को इस पैनल का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी को विवि अनुदान आयोग अर्थात यूजीसी द्वारा नियुक्त किया गया है। विवि कार्यपरिषद द्वारा पाच्चजन्य के राष्ट्रीय संपादक हितेश शंकर को नामांकित किया गया है। 30 दिसंबर को यह आदेश जारी किया गया था। पैनल को 6 सप्ताह की अवधि में राज्यापाल को अंतिम नामों का पैनल सौंपने निर्देशित किया गया है। 6 सप्ताह की यह अवधि फरवरी माह के दूसरे पखवाड़े में समाप्त हो जाएगी।

### केवल परीक्षा कार्य ही

स्थायी कुलपति ना होने के कारण यहां विकास संबंधित सभी कार्यों पर रोक लग गई है। केवल परीक्षा व प्रवेश संबंधित आवश्यक कार्यों पर ही प्रभारी कुलपति द्वारा हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। पत्रकारिता विवि की स्थापना पश्चात पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है, जब इतनी लंबी अवधि तक कुलपति का पद रिक्त है। छात्रों में भी इसे लेकर रोष है।

## एल-2 ट्रामा का अब तक शुरू नहीं हुआ काम

# जनरल वार्ड ही नहीं, इमरजेंसी में भी मरीजों के बेड की मारामारी

- इमरजेंसी में करीब 30 बेड, आपात स्थिति में इलाज के लिए पहुंचते हैं तीन गुना मरीज
- जद्दोजहद के बाद निर्माण के लिए स्थल का चयन, मगर काम कागजों पर ही अटका पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जरूरत के हिसाब से काफी छोटे हो चुके आंबेडकर अस्पताल के जनरल वार्ड ही नहीं, इमरजेंसी विभाग में भी मरीजों को किल्लत हो रही है। आपात उपचार व्यवस्था के विस्तार के लिए सालों पहले एल-2 ट्रामा निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। अभी भी इमरजेंसी यूनिट के लगभग तीस बेड के भरोसे रोजाना आने वाले औसतन सौ मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। कई बार योजना में बदलाव और जद्दोजहद के बाद निर्माण के लिए स्थल चयन तो किया गया है, मगर काम अब तक कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया है।

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के लिए नए बड़े भवन की योजना सालभर बीतने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया से बाहर नहीं आ पाई है। यहां के कई विभाग के डाक्टर एक बेड में दो मरीज भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही हाल यहां आपात उपचार की जरूरत लेकर आने वाले मरीजों के साथ भी हो रहा है। इन मरीजों के लिए बनाए गए इमरजेंसी विभाग में भी अक्सर बेड की मारामारी होती है। वहां के ड्यूटीरत डाक्टर इलाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्ट्रेचर में लिटाकर मरीजों का इलाज करते हैं। सूत्रों के अनुसार इमरजेंसी के मरीजों को सही तरीके से उपचार की सुविधा देने के लिए एल-2 ट्रामा की योजना सालों पहले बनाई गई थी। बार-बार जमीन को लेकर होने वाले बदलाव के कारण यह योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं आ पाई है।



### इमरजेंसी के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट

इमरजेंसी यूनिट के लिए बनाए जाने वाले एल-2 ट्रामा के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना भी जोड़ा गया है। इसके लिए प्रस्तावित भवन को पांच मंजिला किए जाने की योजना है। कुछ समय पहले स्वास्थ्य सचिव और तात्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने अस्पताल पहुंचकर इस बारे में जानकारी ली थी। उस दौरान भवन के निर्माण के लिए एक बार फिर नए स्थल का निरीक्षण किया गया था। इस आधार पर विभागीय स्तर ड्राइंग डिजाइन बनाने का दौर जारी है। अपग्रेडेशन के बाद बेड की संख्या बढ़जाएगी। इससे मरीजों का इलाज स्ट्रेचर के बजाय बेड पर होने लगेगा।



### डीके हास्पिटल में भारी भीड़

डीके अस्पताल में कई सुपर स्पेशलिटी विभाग का संचालन होता है। खासकर यहां संचालित होने वाले इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में न्यूरो से संबंधित गंभीर मरीज इलाज के लिए पहुंचते है। ब्रेन हेमरेज, ब्रेन स्ट्रोक वाले मरीजों को अक्सर वेंटिलेटर अथवा ऑक्सीजन की जरूरत होती है। कई बार ऐसे सुविधायुक्त बेड की कमी हो जाती है।

### *6 साल पहले मिला था फंड*

*गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार की सुविधा के विस्तार के लिए वर्ष 2020 में आंबेडकर अस्पताल का चयन किया गया था। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 1.10 करोड़ रुपए दिए गए थे, निर्माण के दौरान आने वाले शेष खर्च को राज्य शासन को शेयर करना था। कई साल तक योजना ठंडे बस्ते में पड़ी रही। इसके बाद निर्माण के लिए इमरजेंसी गेट की ओर काम शुरू हुआ और बंद हो गया। इसके बाद कोरानाकाल की वजह से मामला ठंडा पड़ गया। फिर कई दौर में काम शुरू होने और बंद होने का दौर जारी रहा और मामला ठंडे बस्ते में सिमटकर रह गया।*

## सीईओ को कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

# एसआईआर में शिकायत के आधार पर नाम काटने की साजिश का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के कुछ वार्डों में केवल शिकायत के आधार पर मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने पर साजिश का आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की गई है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की कार्यवाही करते हुए मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसमें मतदाताओं द्वारा समस्त आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कई स्थानों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि दावा-आपत्ति प्रक्रिया के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय, पंजीकरण अधिकारी के पास अज्ञात व्यक्तियों या किसी विशेष राजनीतिक दल के बीएलए 2 द्वारा एक साथ सैकड़ों (फार्म-7) आवेदन एक वर्ग विशेष व कांग्रेसी विचारधारा के मतदाताओं के नाम काटने के लिए जमा किए जा रहे हैं, इस तरह की शिकायतें रायपुर के संतोषी नगर, बैरन बाजार, राजातालाब, संजय नगर, बैजनाथपारा व मौदहापारा इलाकों से बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही है, जो कि पूरी तरह से गलत एवं आपत्तिजनक है। शिकायत के आधार पर बिना सत्यापन किए मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यदि इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो बड़ी संख्या में वास्तविक एवं वैध मतदाताओं के नाम सूची से हाए जाने की आशंका है।

### वैध मतदाताओं के नाम न काटे जाएं

ज्ञापन में मांग की गई है कि अज्ञात शिकायतकर्ता के आधार पर किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं काटा जाए। सभी आपत्तिकर्ताओं का नाम सार्वजनिक किया जाए यदि शिकायत फर्जी है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही किया जाए। रायपुर में निगम जोन कार्यालयों से बड़ी संख्या में बीएओ के पास 7 नं. फार्म भेजे जा रहे है। इसमें जोन के अधिकारियों कि भूमिका भी जांच किया जाए। मतदाता सूची से नाम हटाने के पूर्व स्वल सत्यापन एवं उचित जांच अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नेता शारिक रईस खान, कामरान अंसारी, नरेश गड़वाल, इदरीश गांधी, नरेंद्र ठाकुर, फैजान कुरैशी, फहीम शेख, सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है।

# समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वालों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया।

इन उपभोक्ताओं को दो साल से बिना किसी सरचार्ज के बिल जमा करने वालों में चुना गया। कंपनी प्रदेशभर में राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी से 6 फरवरी तक सभी जिलों में कर रही है। राजधानी रायपुर नगर संभाग पूर्व कार्यालय सिविल लाइन में रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव सिंह, मुख्य अभियंता (रायपुर शहर क्षेत्र) थे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता विनय चंद्राकर, पार्षद देवदत्त द्विवेदी एवं महेंद्र कुमार ध्रुव सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे। समय पर बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ता गुरूपद तिवारी, राजूलाल, राजेश कृष्ण, रजिया बेगम, मंजू साहब एवं आशा लता को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापित करने वाले उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए ट्रेनिंग

रायपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरीके निर्देश पर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर रॉय की उपस्थिति में डीएचओ डॉक्टर संजीव वोहरा सभी बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ सहित अन्य मैदानी अमला उपस्थित रहा। मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य कार्यकम अधिकारी मुमताज अंसारी एवं कुमार सिंह ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया के वाहक होते हैं और जब वे किसी व्यक्ति को काटते हैं, तो वे फाइलेरिया के पैरासाइट को उस व्यक्ति के शरीर में पहुंचा देते हैं। क्यूलेक्स मच्छर आम तौर पर रात में सक्रिय होते हैं और वे गंदे पानी में अंडे देते हैं।

इसलिए, फाइलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए गंदे पानी को साफ करना और मच्छरों को मारना आवश्यक है। अभियान के तहत 10 फरवरी को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाएंगे।

# जिला अस्पतालों की छवि सुधारने का प्रयास हो, सरकारी डाक्टर नहीं लिखें प्राइवेट दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीएमएचओ और सिविल सर्जनों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल
- स्वास्थ्य सेवाओं को मिशन मोड में सुदृढ़ करने, सुविधाओं के विस्तार का दिया निर्देश



*लैब टेक्निशियन की उपलब्धता पर जोर : बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने डायग्नोस्टिक सेवाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके लिए लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता तथा जांचों की गुणवत्ता और सटीकता सुनिश्चित किया जाएगा। शीघ्र ही नए जांच उपकरणों की खरीदी कर सभी अस्पतालों में जांच सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। नए जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जनों को भर्ती से संबंधित विज्ञापन एक सप्ताह के भीतर जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम को एक महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर डायलिसिस यूनिट स्थापित करने तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक जन औषधि केंद्रों के विस्तार पर विशेष जोर दिया।*

जिला अस्पतालों की रेफरल सेंटर की छवि सुधारने के लिए उसे साधन संपन्न बनाने के साथ लगातार प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकारी डाक्टर प्राइवेट (बाहरी दवा) लिखने से परहेज करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मिशन मोड में सुदृढ़ करने और सुविधाओं के विस्तार का निर्देश भी दिया।

स्वास्थ्य मंत्री नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में आयोजित सीएमएचओ और सिविल सर्जन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, किंतु सरकार की प्राथमिकता अब भी यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ, वनांचल और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचें। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निरंतर सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इन यूनिटों की नियमित समीक्षा करने और लाभार्थियों से फीडबैक लेना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपातकालीन सेवाओं को लेकर मंत्री ने 102 महतारी एक्सप्रेस, 108 संजीवनी एक्सप्रेस तथा 1099 से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है और इसके लिए सभी स्तरों पर मिशन मोड में कार्य किया जाना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश के 5 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों को पूरी तरह क्रियाशील करने, पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने तथा अधोसंरचना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### *ब्लड बैंक की उपलब्धता पर जोर*

*स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के शासकीय अस्पताल किसी भी दृष्टि से निजी अस्पतालों से कमतर नहीं हैं। शासकीय अस्पतालों की छवि को और अधिक सशक्त बनाने को सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने सभी जिला अस्पतालों में अनिवार्य रूप से ब्लड बैंक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला अस्पतालों में बेहतर उपचार सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य सेवा संचालनालय से जुड़े तमाम अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन मौजूद थे।*

आवश्यकता है



ड्राइवर - 1
कुशल ड्राइवर (ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने में सक्षम)
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं
ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

# वन विभाग का कारनामा, शिकारियों से जख्मी टाइगर सफारी में बंधक, हाईकोर्ट से छिपाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

- बाघों के शिकार को लेकर हाईकोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान



शिकारियों द्वारा शिकार किए गए बाघ सहित अन्य वन्यजीवों के प्रबंधन में वन विभाग के अफसरों द्वारा गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगते आ रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शिकारियों के जाल में फंसकर गंभीर रूप से घायल बाघ का उपचार करने के बाद स्वस्थ्य होने के बाद उसे जंगल में छोड़ना था, जिसे जंगल सफारी प्रबंधन ने बंधक बनाकर रखा है। ऐसा करना सीजेडए की गाइड लाइन का साफ तौर पर उल्लंघन है। हद तो तब हो गई जब हाईकोर्ट ने बाघों के शिकार को लेकर स्वतः संज्ञान लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से जानकारी मांगी, तो विभागीय अफसरों ने सफारी में बंधक बाघ की जानकारी हाईकोर्ट को नहीं दी। कोरिया वनमंडल में वर्ष 2025 के अक्टूबर-नवंबर में एक बाघ का शिकार किया गया। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए बाघों के शिकार के बारे में वन विभाग से जानकारी मांगी। तब वन विभाग के अफसरों ने अप्रैल 2025 में बीजापुर वनमंडल में टाइगर का शिकारियों के जाल में फंसकर गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी छिपा दी। गंभीर रूप से घायल बाघ को बेहतर उपचार करने जंगल सफारी लाया गया। जंगल सफारी में चार डॉक्टरों की टीम ने सफल सर्जरी कर उसकी जान बचाई। सर्जरी के चार महीने बाद, नवंबर 2025 में की गई विस्तृत चिकित्सकीय जांच में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बाघ को क्लीनिकली स्वस्थ, सक्रिय और पूरी तरह चलने-फिरने में सक्षम पाया। इसकी रिपोर्ट हरिभूमि के पास है।

### *रेडियो कालर लगाकर रिलीज कर देना चाहिए*

*घायल बाघ को वन्यजीव चिकित्सकों ने जब पूरी तरह से स्वस्थ घोषित कर दिया है, ऐसे में विभागीय अफसरों को बाघ को रेडियो कॉलर लगाकर उसके उचित रहवास क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज कर देना चाहिए।*
*- नितिन सिंघवी, वन्यजीव प्रेमी*

### लोहे के क्लच वायर में फंसकर घायल हुआ था बाघ

बीजापुर में शिकारियों ने वन्यजीवों का शिकार करने फंदा लगाया था। इस दौरान बाघ का एक पैर लोहे के क्लच वायर में फंस गया। क्लच वायर फंसे होने के बाद भी बाघ 20 दिनों तक जंगल में भटकता रहा। तब वन विभाग के अफसरों को बाघ के पैर में क्लच वायर फंसे होने की जानकारी मिली। इसके बाद बाघ को रेस्क्यू कर उपचार कराने जंगल सफारी लाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02

श्रृंगार के लिए रुद्राक्ष, त्रिशूल और तांबे ...


## एजुकेशन अलर्ट

### 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स की थॉरिकल्स तैयारी पूरी, अब रिवीजन का समय



**रायपुर।** 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टडेंट्स की थॉरिकल्स व प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर कम करने साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी से तैयारी कराई गई है। इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता में लाभदायक सिद्ध हुआ है। यह कहना है जेएन पांडे स्कूल की साइंस टीचर सरिता देवांगन की। वह बताती है कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं। अपने सब्जेक्ट का रिडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों का प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हाफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही सही कसर को पूरा कर देता है।

#### विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा

जेएन पांडे स्कूल के साइंस टीचर प्रमोद पांडे ने बताया कि स्कूल में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। 20 जनवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं। इसके बाद प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। इससे बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की तैयारी का फाइनल टेस्ट प्री-बोर्ड परीक्षा से पूरी होगी।

#### साइंस सब्जेक्ट की एक्स्ट्रा क्लासेस से तैयारी

टीचर सरिता देवांगन बताती है कि परीक्षा की तैयारी को लेकर हमारे स्कूल में 11 बजे से साइंस सब्जेक्ट की एक्स्ट्रा क्लासेस भी लगती हैं। यहां पर विद्यार्थियों को एग्जाम टिप्स व टॉपिक्स से संबंधित हर तरह की डाउट्स क्लीयर हो जाते हैं। इससे परीक्षा टाइम में विद्यार्थियों को काफी बेनिफिट देने वाला क्लास है।

● चित्रोत्पला फिल्म सिटी में शूटिंग से मुंबई और हैदराबाद जैसे महानगरों पर कम होगी निर्भरता

# फिल्म सिटी में बनेंगे एयरपोर्ट-जेल और रेलवे स्टेशन के सेट, पोस्ट प्रोडक्शन के साथ शो के लिए 4 इंडोर गैलरी भी

माना-तूता में 'चित्रोत्पला फिल्म सिटी' के भूमिपूजन के बाद अब निर्माण कार्यों को लेकर तैयारियों में तेजी आ गई है। 150 करोड़ रुपए की लागत से 100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाली इस फिल्म सिटी के बनने के बाद शूटिंग के लिए मुंबई और हैदराबाद जैसे महानगरों पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी। हरिभूमि ने फिल्म सिटी के प्रारूप और सुविधाओं को लेकर संस्कृति विभाग से विशेष बातचीत की। विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि यहां महानगरों की फिल्म सिटी की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

**रायपुर।** फिल्म सिटी में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, जेल, मंदिर और अदालत जैसे स्थाई सेट तैयार किए जाएंगे, जिन्हें फिल्म निर्माता अपनी कहानी के अनुसार उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यहां ऐसे सेट्स की अधिकता होगी, जिनके लिए आमतौर पर शासन-प्रशासन से विशेष अनुमति लेनी पड़ती है। इन सुविधाओं के मिलने से फिल्ममेकर्स पूरी वास्तविकता और जीवंतता के साथ फिल्मों का निर्माण कर सकेंगे।

#### रियलिटी शोज के लिए बनेंगे 4 खास इंडोर स्टूडियो

फिल्म सिटी में फिल्मों के साथ-साथ टीवी और रियलिटी शोज को भी खास अहमियत दी गई है। इसके लिए यहां चार विशेष प्रकार की 'इंडोर गैलरी' बनाई जाएंगी। इन गैलरीज की डिजाइन इस तरह तैयार की जा रही है, जैसा आमतौर पर बड़े रियलिटी शोज के सेट्स में देखा जाता है। इन इंडोर गैलरीज में भव्य मंच के साथ-साथ दर्शकों के बैठने की भी पूरी व्यवस्था होगी। शो के प्रोड्यूसर अपनी जरूरत और थीम के हिसाब से इस गैलरी को सजा सकेंगे। इसके बनने से अब छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर के रियलिटी शोज, डांस और सिंगिंग कॉम्पिटिशन की शूटिंग संभव हो पाएगी।


फाइल फोटो



#### विशेष 'कॉलम' में तैयार होंगे सेट

संस्कृति विभाग के मुताबिक, फिल्म सिटी में सेट के लिए विशेष स्ट्रक्चर तैयार किए जाएंगे। ये स्ट्रक्चर पूरी तरह से फ्लेक्सिबल होंगे, जिन्हें फिल्म की कहानी और सीन की मांग के अनुसार बदला जा सकेगा। यहां दिल्ली की गलियों से लेकर विदेश के लोकेशंस और गांव के कच्चे मकानों से लेकर शहर की चकाचौंध तक सबकुछ एक ही जगह उपलब्ध होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिल्म सिटी में छत्तीसगढ़ के मौजूदा पर्यटन स्थलों के सेट नहीं बनाए जाएंगे, क्योंकि वे राज्य में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हैं। इसके बजाय यहां महानगरों की तर्ज पर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, जेल, मंदिर और अदालत जैसे सेट तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य फिल्म निर्माण को सुगम बनाना है। निर्देशकों को अब लोकेशन बदलने की चिंता नहीं होगी। अनुमान है कि किसी भी फिल्म की 80 से 90 प्रतिशत शूटिंग अकेले इसी फिल्म सिटी में पूरी की जा सकेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि मुंबई और हैदराबाद पर निर्भरता भी कम होगी।



#### शूटिंग से लेकर स्क्रीनिंग तक का सफर होगा आसान

फिल्म सिटी में केवल शूटिंग ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माण के अंतिम चरण यानी पोस्ट-प्रोडक्शन की भी पूरी व्यवस्था होगी। यहां एडिटिंग, वॉयस ओवर, साउंड मिक्सिंग और कलर करेक्शन जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य अत्याधुनिक स्टूडियो में किए जा सकेंगे। अब तक छत्तीसगढ़ के फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्म को फाइनल टच देने के लिए मुंबई, दिल्ली या हैदराबाद के चक्कर काटने पड़ते थे। इस फिल्म सिटी के तैयार होने के बाद यह भागदौड़ खत्म हो जाएगी और फिल्म मेकिंग का पूरा काम कैमरा रोल होने से लेकर फाइनल प्रिंट तक यहीं संपन्न होगा।



## सिटी इवेंट

### 16वीं राज्य स्तरीय पैरा एथलीट प्रतियोगिता का समापन, 350 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**रायपुर।** तीन दिनों से चल रही 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य पैरा एथलीट संगठन प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से आए लगभग 350 दिव्यांग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के साथ उनके परिजन और प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए लगभग 50 कोच व ऑफिसर्स भी इस आयोजन के साक्षी बने। अलग-अलग चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के दिव्यांगजन ने अदम्य साहस और उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, दौड़ और बैडमिंटन जैसे खेलों में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बनता था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने की। मंच पर अतिथियों का स्वागत संगठन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी और डीके टंडन ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश चंदेल ने नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस कार्य का जो बीड़ा उठाया है, वह एक अद्वितीय कल्पना है।



#### गरियाबंद की हरित वर्मा अव्वल रहीं

प्रतियोगिता के परिणामों पर नजर डालें तो दृष्टिबाधित पुरुष वर्ग (टी-12) की 100 मीटर दौड़ में बालोद जिले के रूपेश सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग (टी-11) में गरियाबंद की हरित वर्मा अव्वल रहीं। अस्थि बाधित वर्ग में तवा फेंक में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के लाल बहादुर और गोला फेंक में दुर्ग की बिसमुथ निषाद ने बाजी मारी। लंबी कूद में रायपुर के अजय उग्र, राजनांदगांव के ओंकार सिंह और महासमुंद के उमाशंकर पटेल अपने-अपने वर्ग में प्रथम रहे। सीनियर वर्ग की दौड़ में मुंगेली के संदीप और जूनियर बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में महासमुंद की सोनम ने पहला स्थान हासिल किया। अंत में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने खेल ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारकर और सलामी देकर विधिवत रूप से प्रतियोगिता का समापन किया।

महंत कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

## विशेषज्ञों ने रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में बताए आर्थिक उन्नति-प्रौद्योगिकी के आइडियाज

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित महंत कॉलेज में शोध पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय आर्थिक उन्नति एवं सतत विकास हेतु प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग रखा गया। इस दो दिवसीय सेमिनार में देशभर से विषय शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर व विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। 29 जनवरी से शुरू हुए इस राष्ट्रीय सेमिनार का शुक्रवार को समापन हुआ। जहां 155 से अधिक रिसर्च स्कॉलर्स ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। शोधार्थियों ने दोनों दिन टेक्निकल सेशन में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। इस राष्ट्रीय सेमिनार के संदर्भ में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि सेमिनार में विषय आर्थिक उन्नति एवं सतत विकास हेतु प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग रखा गया है। इसमें रांची विश्वविद्यालय से आमंत्रित पुष्कर नाथ, छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तपेशचंद्र गुप्ता, शासकीय महाविद्यालय धमधा की प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल, दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल तिवारी, शिक्षाविद डॉ. विनोद पटले एवं डॉ. मनीषा पाण्डेय, आरंग महाविद्यालय के प्राध्यापक भुनेश्वर साहू, दुर्गा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसएस खनूजा सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए।




**ये रहे उपस्थित** : समापन सत्र में प्रदेश के शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए भविष्य में युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। आज का समय तकनीक का युग है। समापन सत्र में जैतूसाव मठ के प्रमुख राजेश्री महंत रामसुंदर दास एवं रायपुर दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी, शिक्षा प्रचारक समिति के सचिव अनिल तिवारी, समिति के वरिष्ठ सदस्य दिनेश शर्मा शामिल हुए।

#### शोधार्थियों ने किया शोधपत्र का वाचन

इस सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों व शोधार्थी छात्रों ने अपने शोधपत्र का वाचन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कांतिलाल जैन एवं संगठन के समाजसेवी किशोर महानंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति तिवारी ने किया।

## बौद्धिक संपदा अधिकार और पेटेंट प्रणाली पर रविवि में व्याख्यान

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. स्वर्णलता सराफ ने किया। विशेष व्याख्यान छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे द्वारा प्रस्तुत किया गया। इससे पहले उनका स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए डॉ. राजेंद्र जांगड़े ने किया। इसके बाद डॉ. दुबे ने नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट प्रणाली, स्टार्टअप एवं उद्योग से जुड़ाव के साथ ही शोध के व्यावसायीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए लोगों के बीच अपने अनुभव भी साझा किए। इसमें विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



#### संस्कृति से जोड़ने में उपयोगी होगा स्टार्टअप

उन्होंने बताया कि यह ज्ञान शिक्षकों के शोध को अनुप्रयोग-आधारित बनाने, शोधार्थियों को पेटेंट, फंडिंग व कॅरियर के अवसरों की समझ विकसित करने के कारगर बताया। यह विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने में उपयोगी होगा। कार्यक्रम में आईपीआर सेल के सदस्य प्रो. केके साहू, प्रो. संजय कुमार एवं प्रो. सीडी अगसे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रो. एलएस गजपाल ने किया। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में चतुर्थ दीक्षांत समारोह संपन्न, 19 स्वर्ण पदक सहित 1448 को मिली डिग्री

कार्नर न्यूज

# गोल्ड मेडल और डिग्री मिलते ही खुश हुए स्टूडेंट्स, कहा- अब दुनिया देखेगी हमारी उड़ान



**रायपुर।** शुक्रवार को श्रीरावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष रमेन डेका ने किया। समारोह में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रवि शंकर महाराज द्वारा किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को कुल 19 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 53 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि, 513 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 600 विद्यार्थियों को स्नातक व 282 विद्यार्थियों को डिप्लोमा उपाधियां प्रदान की गईं। उपाधि प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास, उल्लास एवं उपलब्धि का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सतत परिश्रम एवं उत्कृष्टता का गौरवपूर्ण उत्सव रहा, जिसमें विभिन्न संकायों के उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायक पुरंदर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। साथ ही प्रो. विजय कुमार गोयल चेयरमैन, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की उपस्थिति ने इस शैक्षणिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।






#### टीचर्स ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल गर्ग, प्रतिकुलाधिपति प्रो. एस भट्टाचार्य, कुलपति प्रो. सौरभ चतुर्वेदी एवं कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक है, जो विद्यार्थियों को उच्च मूल्यों के साथ आगे बढ़ने एवं समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।

#### एक-दूसरे को दी बधाई, जमकर झूमे

सफलता और सम्मान पाकर स्टूडेंट्स की खुशी व उत्साह का ठिकाना न रहा। सभी छात्र-छात्राएं एक-दूसरे को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए साथ मिलकर खूब झूमे और अपनी इस कामयाबी को सेलिब्रेट किया। समारोह में चारों ओर जश्न का माहौल बन गया। इस यादगार व अनमोल पल को स्टूडेंट्स ने अपने कैमरे में कैद किया।

#### खुशी से खिल उठे स्टूडेंट्स के चेहरे

समारोह में टीचर्स अपने स्टूडेंट्स और पेरेंट्स अपने बच्चों के हाथों में डिग्री और मेडल देख गौरवान्वित हुए। स्टूडेंट्स इस उपलब्धि के लिए अपने टीचर्स और पेरेंट्स को श्रेय देते हुए उनका आशीर्वाद लिया। यह क्षण स्टूडेंट्स और टीचर्स के लिए बेहद अनमोल रहा। सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

धर्म लाइव

## पुरी के शंकराचार्य दस दिनों तक करेंगे धर्मसभा, कल आगमन



**रायपुर।** रावांभाठा स्थित श्री सुदर्शन संस्थानम में 1 फरवरी से उत्सव का माहौल बनने वाला है। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने वाले हैं। प्रदेश में राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 1 फरवरी की शाम को सड़क मार्ग से श्री सुदर्शन संस्थानम् रावांभाठा में मंगलमय प्रवेश करेंगे। इसके बाद 10 फरवरी तक उनका यह प्रवास प्रभावी रहने वाला है। तय तिथि में 2 फरवरी से 10 फरवरी तक सुबह एवं शाम को दो अलग-अलग सत्र में संगोष्ठी और धर्मसभा में दर्शन का अवसर धर्मप्रेमियों को मिलने वाला है। इसे देखते हुए सभास्थल में बैठक व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी तय की गई है।

### सहयोग देने के लिए टीम तय

श्री सुदर्शन संस्थानम के मीडिया प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि महाराज की उपस्थिति का सानिध्य प्राप्त करने और धर्म चर्चा में शामिल होने के साथ लोग अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए श्री शंकराचार्य से मार्गदर्शन भी प्राप्त करने के लिए आते हैं। दूरदराज से आने वाले भक्त परिवारों को सहयोग देने के लिए टीम तय की गई है। धर्म चर्चा और संगोष्ठी में राष्ट्ररक्षा अभियान से लोगों को जोड़ने की कड़ी में संवाद करेंगे। रावांभाठा में आयोजित सभी कार्यक्रमों के बाद महाराजश्री राष्ट्ररक्षा अभियान के अगले चरण के लिए प्रस्थान करेंगे।

समाज लाइव

## महाराष्ट्र मंडल ने चुना अध्यक्ष नौवीं बार काले को मिली कमान



**रायपुर।** सरोकार से जुड़ी संस्था महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने काफी उथल-पुथल के बाद चुनाव कराया। इसमें अजय काले लगातार नौवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसकी जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी शेखर रावसाहेब अमीन ने बताया कि श्री काले का नया कार्यकाल 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक रहेगा। इस तरह पूर्व निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 1 फरवरी को मतदान कराने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। श्री अमीन ने बताया कि छह निर्वाचित कार्यकारिणी पदों के लिए छह प्रत्याशियों में चेतन दंडवते, श्यामसुंदर खंगन, गीता दलाल, संजना (नमिता) शेष, परितोष डोनगांवकर, मालती मिश्रा के नामांकन मिले थे।

### सभी छह प्रत्याशी निर्विरोध, कार्यकारिणी तय

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्कूटनी में सभी नामांकन त्रुटि रहित पाए गए, इसलिए सभी छह प्रत्याशियों को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। निर्विरोध निर्वाचन कराने के लिए शेखर अमीन ने सभी प्रत्याशियों व सभासदों का आभार जताया है। वहीं अजय काले ने निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर सभी सभासदों, कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अब आगामी तीन साल तक समाज को मजबूती देने के साथ मंडल की योजनाओं को आगे भी संचालित करने का भरोसा दिलाया।

सिटी लाइव

## प्रतिस्पर्धा और तेज रफ्तार जीवन में युवा मानसिक दबाव से जूझ रहे



**रायपुर।** शुक्रवार को क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स द्वारा आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी के सहयोग से किया गया। क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स के अध्यक्ष रोटेरियन दीपिंदर कौर रहाल एवं सचिव रोटेरियन प्रभजीत कौर भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रोटेरियन डॉ. एला गुप्ता ने अपने सशक्त, संवेदनशील एवं प्रेरणादायक सत्र के माध्यम से युवाओं को मानसिक संतुलन, आत्म-स्वीकृति एवं सकारात्मक सोच का महत्व समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तेज रफ्तार जीवन में युवा वर्ग तनाव, अवसाद, आत्म-संदेह एवं मानसिक दबाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है।

### समस्याओं पर खुलकर बात और समाधान

कार्यक्रम में प्रो. डॉ. एसडी पांडे कुलपति, डॉ. आर्ची दुबे कार्यवाहक रजिस्ट्रार एवं प्रमुख प्रबंधन अध्ययन संकाय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह संदेश देना था कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है, और समस्याओं पर खुलकर बात करना समाधान की दिशा में पहला कदम है। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स भविष्य में भी समाज के उत्थान एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की जन-जागरूकता गतिविधिया निरंतर आयोजित करता रहेगा।

● आस्था का उत्सव सजाने आयोजकों ने बढ़ाई डिमांड, बाजार में जरूरी सामग्री के लिए अब रिटेलर्स भी करा रहे बुकिंग

# श्रृंगार के लिए रुद्राक्ष, त्रिशूल और तांबे के कलश की मांग महाशिवरात्रि को उत्सव का रूप देने मार्केट में बढ़ी रौनक

'शहर के गोलबाजार में इन दिनों देवों के देव महादेव की आस्था से जुड़े पवित्र पर्व महाशिवरात्रि के चलते मार्केट में रौनक बढ़ने लगी है। सबसे बड़ा मार्केट होने से रिटलर्स भी श्रृंगार के लिए रुद्राक्ष की माला, त्रिशूल और तांबे से निर्मित कलशों की मांग करने पहुंच रहे है। इस तरह की स्थिति आगामी 15 फरवरी को महापर्व को महोत्सव का रूप देने के लिए साज-श्रृंगार के साथ ही जरूरी सामग्री जुटाने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसके साथ ही आयोजन करने वाली संस्थाएं झंडा, तोरण, आर्टिफिशियल फूल और सजावटी सामान खरीदने पहुंचने लगी हैं।'







### जरूरी सामान खरीदने वालों ने बढ़ाई पूछपरख

गोलबाजार में बर्तन और सजावटी सामान के थोक विक्रेताओं के पास उत्सव को महोत्सव का रूप देने की तैयारी में जुटे लोगों का आना -जाना शुरू हो गया है। गली-मोहल्लों से लेकर पॉश कॉलोनियों और सोसायटियों में भी अपने स्तर भक्तिमय आयोजन करने वालों का ग्रुप अब सक्रिय हो गया है। इससे बाजार में खरीदी का क्रम थोक विक्रेताओ और रिटेलर्स के बीच महीनेभर पहले से ही शुरू हो गया है।अब तो बाजार में झंडा, तोरण और महादेव के डमरू की पूछ-परख बढ़ गई है। सजाने के लिए जरूरी सामान खरीदने का सिलसिला अब तेज हो गया है।

**रायपुर।** महादेव के महापर्व से पहले जहां बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है, वहीं इस साल महाशिवरात्रि पर बनने वाले विशेष योग और संयोग को लेकर पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सर्वार्थ सिद्धि योग, शिववास और श्रवण नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि बनाई जाएगी।



149 साल बाद बनने वाला यह अद्भुत संयोग है। इसमें कुंभ राशि में सूर्य-शनि-बुध की त्रिग्रही युति रहेगी। इस समय पूजा और रुद्राभिषेक करने से सभी बाधाएं दूर होंगी, विशेष फल मिलता है। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 बजे से शाम 7.48 बजे तक मिलने वाला है। शिववास योग रुद्राभिषेक के लिए अत्यंत उत्तम है। पूजा करने के लिए निश्चित काल 15 फरवरी की रात 11.52 से 12.42 बजे तक मिलने वाला है। कुंभ राशि में सूर्य, शनि और बुध की युति होने का ग्रह संयोग भी बन रहा है। इस दौरान पूजा, मंत्र जाप और अभिषेक करने से हर काम में सफलता मिलेगी और सभी तरह की बाधाएं दूर होती हैं।

### महापर्व से पहले बाजार में दस्तक देने लगे खरीदार

बाजारों में खरीदी को लेकर उत्साह चरम पर है, जहां महादेव घाट और प्रमुख शिवालयों के आसपास विशेष बाजार सजे हैं। वहीं इस बार मिट्टी, स्फटिक के विशेष शिवलिंगों के साथ भगवान शिव का श्रृंगार करने के लिए रुद्राक्ष, त्रिशूल, तांबे के कलशों की श्रृंखला सजाई गई है। भक्तों के लिए पूजा सामग्री और विशेष माला के कई विकल्प मिल रहे हैं। इसके लिए लोग महाशिवरात्रि से पहले ही बाजार में दस्तक देने लगे हैं, इससे आवाजाही का सिलसिला तेज होने से रौनक भी बढ़ी हैं। अरविंद जैन, सलीम और दिनेश साहू ने बताया कि इस बार पारद शिवलिंग, स्फटिक शिवलिंग और मिट्टी के शिवलिंग लोग ज्यादा खरीद रहे हैं। बड़े आयोजक बल्क में आर्डर करते हैं।

### तांबे और पीतल के कलश, आसन, मंदिर फ्रेम

दुकान संचालकों ने बताया कि भगवान शिव का श्रृंगार करने के लिए खास मुखौटे, तांबे से निर्मित त्रिशूल और विशेष प्रकार के रुद्राक्ष लोग अभिषेक का आयोजन करने के लिए खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसी तरह पूजा सामग्री में तांबे और पीतल के कलश, आसन, मंदिर फ्रेम भी खरीदना पसंद करते हैं। महादेव घाट के पास विशेष रूप से, हाटकेश्वर महादेव, बुद्धेश्वर महादेव और बंजारी मंदिर में पूजा सामग्री की दुकानें सज चुकी हैं। जहां इन दिनों भोलेनाथ की पूजा के लिए भक्त जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जो एक विशेष आध्यात्मिक माहौल बन रहा है।

## मनोविज्ञान के स्टूडेंट्स ने 1800 स्कूली छात्र छात्राओं को सिखाए तनाव से बचने के उपाय

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स स्कूली बच्चों को तनाव प्रबंधन सिखा रहे हैं। यह सकारात्मक पहल विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान अध्ययनशाला के एमए एवं डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग कोर्स के 25 छात्र-छात्राओं ने की है। इन स्टूडेंट्स ने शहर के 28 हाईस्कूलों के लगभग 1800 छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन करना सिखाया है। साथ ही उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया है। यह जागरूकता अभियान एक माह की इंटर्नशिप के अंतर्गत किया गया। जागरूकता अभियान कम इंटर्नशिप का आयोजन प्रोजेक्ट करुणा, दिल्ली के सहयोग से संपादित किया गया। प्रोजेक्ट करुणा भारत में 12-17 वर्ष की आयु के युवाओं में बढ़ते अवसाद और चिंता को दूर करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, रोकथाम और प्रारंभिक हस्तक्षेप पर केंद्रित दिशाओं में काम कर रही है। उक्त कार्यक्रम के लिए प्रोजेक्ट करुणा की डायरेक्टर शची सिन्हा मुंबई से उपस्थित रहीं। एक माह की इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण होने एवं हाईस्कूल के विद्यार्थियों को एक साथ जागरूक करने के लिए विभाग के इन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के रूप में सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मनोविज्ञान अध्ययनशाला के विद्यार्थियों को उपरोक्त विषयों के लिए पहले विभिन्न स्तरों पर एक सप्ताह की ट्रेनिंग दी गई, जिसके बाद फील्ड पर कुल 25 छात्र-छात्राओं ने काम किया। हर विद्यार्थी ने फील्ड में जाकर 2 स्कूल कवर किए, जहां उन्होंने हाईस्कूल विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझने और प्राथमिक स्तर पर खुद की सहायता करने की विभिन्न तकनीकें सिखाईं।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान अध्ययनशाला विभाग की अनोखी पहल



### आने वाले सत्रों में भी आयोजन होंगे



मनोविज्ञान अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष और पूरे प्रोग्राम की कन्वीनर प्रो. प्रियंवदा श्रीवास्तव ने बताया कि आगे आने वाले सत्रों में भी विद्यार्थियों के लिए ऐसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए अलग-अलग संस्थाओं के साथ कोलाबेरेशन किया जाना भी प्रस्तावित है। इंटर्नशिप के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ये विद्यार्थी खुद को और अधिक तैयार कर सकें। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के सशक्त प्रहरी बन, समाज और देश कल्याण की दिशा में सहायता कर सकें। उक्त कार्यक्रम में विभाग की अतिथि व्याख्याता और इस इंटर्नशिप की को-ऑर्डिनेटर डॉ. रोली, डॉ. जीता बेहेरा, टिकेश्वर प्रसाद साहू, डॉ. अंजलि, सुदर्शन, अद्याशा और विभाग के समस्त विद्यार्थी शामिल रहे।

## एआई चौट-बॉट तक सीमित नहीं, भविष्य में एआई एजेंट स्वतः समस्याओं का करेगा हल

### ट्रिपल आईटी में डिजिटल इंडिया पर एक दिवसीय कार्यशाला

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में एक दिवसीय डिजिटल इंडिया जागरूकता कार्यशाला गुरुवार को संस्थान के सभागार में संपन्न हुई। यह कार्यशाला नई दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय भारत एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. ओमप्रकाश व्यास, डायरेक्टर ट्रिपल आईटी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में अत्यंत तीव्र गति से परिवर्तित टेक्नॉलॉजी के इस दौर में विद्यार्थियों को बदलती तकनीक से अवगत करना हमारे लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। प्रोफेसर व्यास ने बताया कि एआई सिर्फ चौट-बॉट तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में एआई एजेंट विकसित हो रहा है, जो कि स्वतः निर्णय लेकर समस्याओं का समाधान प्रदान करेगा। प्रो. व्यास ने बताया कि वर्तमान में एआई का ज्यादातर उपयोग विकसित राष्ट्रों में किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत भारत एआई में अग्रणी राष्ट्र अवश्य बनेगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि एआई का उपयोग अपने अध्ययन तक सीमित न करते हुए स्टार्टअप, इनोवेशन के लिए किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को अपने इनोवेशन स्किल से समस्या के समाधान नवीन उपाय मिले और नए तरीके से सोचने की क्षमता में वृद्धि हो। यह क्षमता अध्ययन उपरांत संबंधित इंडस्ट्रीज में सही फील्ड के चयन और प्रोफेशनल कैरियर के विकास में सहायता प्रदान करेगी। मलिक ने विद्यार्थियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि चिप्स में इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया जा सकता है।



### 300 से अधिक स्टूडेंट्स ने लिया भाग

कार्यशाला तीन सत्रों में आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न तकनीकी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रिपल आईटी अकादमिक शाखा के डीन प्रो. श्रीनिवास केजी, चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक अग्रवाल, एआई साइंटिस्ट हर्षित कुमार, आईआईटी के डॉ. सौम्यजीत प्रमाणिक, चिप्स के संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपम आशीष टोप्पो और एनईजीडी भारत सरकार के प्रतिनिधि डॉ. आशीष जायसवाल भी उपस्थित रहे।

टाटीबंध स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में दिनभर मंत्रोच्चार के साथ पूजा, शाम को सांस्कृतिक उत्सव के लिए सजा रहे मंच

# भक्तों ने सजाई मंदिर की पवित्र सीढ़ियां, श्री अय्यप्पा थिरू उत्सवम में निभाई जा रही परंपरा और संस्कृति

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्री अय्यप्पा मंदिर की पवित्र सीढ़ियों को सजाने में भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह से दायित्व निभा रहे हैं। 29 जनवरी से शुरु किए गए धार्मिक उत्सव का सिलसिला तीन फरवरी तक चलने वाला है। शुक्रवार को भक्ति एवं आस्था का माहौल रहा। इस बार भी छह दिनों तक 'श्री अय्यप्पा थिरू उत्सवम' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले श्रद्धालु भी परिवार के साथ विशेष पूजा का हिस्सा बनने पहुंच रहे हैं। श्री अय्यप्पा सेवा संघम् के अध्यक्ष गोपाल मेनोन ने बताया कि भक्तों को धर्म शाश्वत सिद्धांतों, परंपरा एवं संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए यह आयोजन परंपरागत रूप से किया जा रहा है। भगवान श्री अय्यप्पा की दिव्य उपस्थिति है।




### सांस्कृतिक आयोजन में आस्था की झलक

इस पूजा में अष्टद्रव्य गणपति होमम, ऊषा पूजा, भागवत परायणम, बिम्ब शुद्धि कलश पूजा, कलशाभिषेकम, त्रिकाल पूजा, अष्टाभिषेकम, कलभाभिषेकम किया गया। शाम 5 बजे नाद थुरक्कल, दीपाराधना (आरती), उत्सव आचार्यवरणम, अंकुर पूजा, ध्वजारोहणम (कोडियेट्टम), पुष्पाभिषेकम पड़पूजा के बाद हरिवरासनम, नाड्यडक्कल, अन्नप्रसादम जैसे धार्मिक विधान किए गए। इस तरह से आगामी दिनों तक प्रतिदिन शाम के समय विविध सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे।

### सभी धार्मिक अनुष्ठान को करवा रहे विद्वान

उन्होंने बताया कि परंपरा और संस्कृति को समाहित करने यह विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसमें केरल से तंत्री ब्रम्हश्री एसएन प्रमोद, विष्णु नंबूथिरी एवं राजीव नंबूथिरी विशेष रूप से शामिल हैं। जो मंदिर के मुख्य पुजारी मेलशांति उन्निकृष्णन नंबूथिरी के साथ पूजा-अर्चना एवं सभी धार्मिक अनुष्ठान को करवा रहे है। थिरू उत्सवम के पहले दिन सुबह 4.45 बजे पल्लि उनार्थल, 5 बजे नाद थुरक्कल, निर्माल्य दर्शनम, अभिषेकम किया गया। वहीं शाम को समाज के प्रतिभागियों ने भरतनाट्यम, कत्थक जैसी प्रस्तुतियों से लोगों को भक्तिमय माहौल दिया।





## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को स्वर्ण व रजत



**रायपुर।** 7वीं एनटीपीसी पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक पटियाला पंजाब में किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ तीरंदाजी की 20 सदस्य टीम हिस्सा ले रही है। मुरारका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के दो तीरंदाजो ने दो मैडल प्राप्त किए हैं। इनमें व्यक्तिगत स्पर्धा में तोमन कुमार ने रजत पदक पर कब्जा जमाया और टीम स्पर्धा में तोमन कुमार एवं अमित कीर्तनिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया। इसके लिए छत्तीसगढ़ पैरा तीरंदाजी टीम को छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री अरुण साव सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी है। टीम के प्रशिक्षक मनमोहन पटेल हैं।

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ का हैदराबाद से मुकाबला जारी



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच (29 जनवरी - 01 फरवरी) हैदराबाद में हैदराबाद टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहली पारी में 72.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 283 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की शुरूआत अच्छी नहीं रही, केवल 58 रनों के स्कोर पर 5 विकेट खोने के बाद मध्यम क्रम के बल्लेबाजों ने पारी को सम्भाला। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतीक यादव ने शानदार शतक लगाते हुए 106 रनो की पारी खेली। उनके अतिरिक्त विकल्प तिवारी ने 94 महत्वपूर्ण रनों का योगदान दिया। हैदराबाद की ओर से मो. सिराज ने छत्तीसगढ़ के 4 महत्वपूर्ण बल्लेबाजो को पवेलियन भेजा। दूसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद ने अपनी पहली पारी में 105 ओवरों में 4 विकेट खोकर 415 रन बना लिये है। हैदराबाद की ओर से हिमातेजा ने नाबाद 125 रन तथा अभिरथ रेडडी ने 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण, आदित्य सरवटे, देव आदित्य सिंह तथा आयुश पांडे ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद 132 रनों से आगे है।

### सीके नायडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के वासुदेव ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (30 जनवरी- 02 फरवरी) चंडीगढ में चंडीगढ अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 88.2 ओवरों में 7 विकेट खोकर 340 रन बना लिये हैं। चंडीगढ की ओर से दुष्यंत ने 116 रन बनाए, कप्तान आरुश भंडारी ने 105 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ ने 3 विकेट तथा प्रशांत सांई पैंकरा ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक चंडीगढ ने 340 रन बना लिये है।

### राष्ट्रीय स्पर्धा की विजेताओं का पावर कंपनी ने किया सम्मान



**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर लौटी महिला एवं पुरुष टीमों को कंपनी प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक जनरेशन एस के कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आर के शुक्ला, प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक के एस मनोठिया, एम एस चैहान, खेल सचिव राजेश सिंह एवं विनय चंद्राकर उपस्थित थे। लखनऊ में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत कैरम प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। टीम मैनेजर पी नागेश्वर राव एवं टीम कप्तान विनोद राठौर के साथ कोच एवं कप्तान के अलावा सुजीत मोदी, कमलेश ठाकुर, मैरिशस मर्लिन और सुशांत कटकवार ने भाग लिया। महिला टीम ने तमिलनाडु में आयोजित अखिल भारतीय महिला खेल में 5 स्पर्धाओं में 8 पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में झरना लता साहू, जुवेना गेम्स, गायत्री दीवान, दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खांडे, शोभना सिंह, शकुंतला करक, कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, अनिता रोही, नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, स्मिता सोनी, भारती साहू, एलिस मेरी केरकेट्टा, उपासी धांगड आदि ने हिस्सा लिया।

## शादियों और पार्टियों में खानपान पर नियंत्रण रखना जरूरी

# फिर आया शादियों का मौसम, ऐसे माहौल में अपने खानपान का रखें ध्यान और बॉडी को करें डिटॉक्स

वर्ष 2026 में फरवरी से अप्रैल के बीच पंचांग देखकर शुभ कार्य करने वालों के लिए शादियों का ढेर सारा मुहूर्त रहेगा। वहीं अन्य धर्मों मे भी भीषण गर्मी के ठीक पहले शादियां रखने का चलन है। वहीं अन्य वजहों से भी लोग पार्टियां रखते ही हैं। जाहिर है अपनी सेहत को देखते हुए आपको अपने खान-पान पर काफी सोच-विचार करना होगा।

अगर आपको भी डर है कि पार्टियों के इन दिनों में खान-पान की वजह से वजन बढ़ जाता है, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपके लिए ऐसा प्लान मौजूद हैं, जो वजन घटाने में और बॉडी डिटॉक्स करने में आपकी मदद करेगा। सच कहें तो त्योहारी और शादियों के सीजन में हम सबको बड़ा मजा आता है... हमारे पास करने के लिए कितना कुछ होता है। घर को सजाने से लेकर खाने-पीने की तैयारियों में हम सब मशगूल रहते हैं। वेडिंग सीजन में स्वादिष्ट व्यंजनों से दूरी बना पाना भी मुश्किल हो जाता है। हां, जब इसके बाद आपकी फेवरेट टी-शर्ट या ड्रेस आप पर नहीं आती, तो थोड़ा-सा रिग्रेट होता है।



मगर अब त्योहार में न खाएं ऐसे कैसे हो सकता है? तो क्या ऐसा कोई तरीका है, जो हमारे इस गिल्ट को कम कर सकता है? हम त्योहार में जमकर मस्ती भी करें और खा-पी भी लें और फिर वजन बढ़ने की चिंता भी न सताए। जी हां, ऐसा हो सकता है।

फंक्शनल हार्मोनल हेल्थ न्यूट्रिशनिस्ट शिखा गुप्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई हेल्थ रिलेटेड पोस्ट साझा करती हैं। उन्होंने कुछ समय पहले पोस्ट फेस्टिव डिटॉक्स को लेकर भी एक सैंपल डाइट प्लान शेयर किया था। चलिए एक्सपर्ट की मदद लें और हम भी इस प्लान के बारे में जानें जो हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करेगा।

#### ब्रेकफास्ट में शामिल करें ये न्यूट्रिशियस चीजें

सबसे पहले सुबह उठकर एक हेल्दी और हल्दी वाला शॉट लें। 1 कप पानी में आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। इसके बाद इसमें आधा छोटा चम्मच नींबू का पानी, ग्रेट किया हुआ अदरक का जूस और चुटकी भर काली मिर्च मिलाकर इसे पी लें।

खाली पेट हल्दी का पानी लेने से आपको कई फायदे



हो सकते हैं। सबसे पहला यह आपके बाउल मूवमेंट्स को बेहतर बनाने की कोशिश करता है। इसके अलावा इसमें मिली हुई सामग्रियां आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करती हैं, जिससे आपके वजन घटाने की प्रक्रिया भी तेज होती है। यह शरीर से टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालता है और आपके एक्सेस बॉडी फैट को जलाने में मदद करता है।

शिखा आगे शेयर करती हैं कि इस हेल्दी शॉट को लेने के कम से कम 15-20 मिनट बाद आपको चिया सीड्स और आल्मंड मिल्क लेना चाहिए। 3 चम्मच चिया सीड्स को आल्मंड मिल्क में भिगो लें और इसमें 3-4 बेरीज डालकर मिक्स करके सेवन करें।

दरअसल, चिया सीड्स में इनसॉल्यूबल फाइबर और प्रोटीन होता है। इसे खाने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आपको किसी प्रकार की क्रेविंग्स नहीं होती। इतना ही नहीं, अपने लाभदायक गुणों के कारण इन्हें ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए भी जाना जाता है। इसके कुछ देर बाद आप अंडा और 1 कटोरी सॉते की गई वेजिटेबल्स का सेवन कर सकती हैं।

लंच में लें पनीर, राइस और सलाद से भरपूर थाली

दिन में आप एक कटोरी चावल, सॉते किया हुआ पनीर, फिश या चिकन ले सकते हैं। इसके साथ ही कटोरा भरकर ग्रीन सलाद शामिल करें, जिसमें खीरा, पालक, टमाटर, बेल पेपर्स आदि हो। यह मील आपके पेट को भी भरेगी और सलाद के कारण आपको कई बेनिफिट्स मिलेंगे। सब्जियों से भरपूर सलाद में मिनरल्स और विटामिन्स होते हैं जिसके कारण आप एक हेल्दी वेट मेंटेन कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इससे आपका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होगा।

#### अगले तीन माह के मुहूर्त

फरवरी 2026 विवाह का मुहूर्त - 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मार्च 2026 विवाह का मुहूर्त -1, 3, 4, 7, 8, 9, 11 और 12 मार्च को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। अप्रैल 2026 विवाह का मुहूर्त - 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल में कुल 8 दिन शादी के मुहूर्त हैं।

## अंडर-13 क्रिकेट में जयहिंद रायपुर टीम की शानदार जीत, प्लेयर ऑफ द मैच रहे लोकेश




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर 13 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को फाइनल मैच खेला गया। जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर एवं इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के मध्य हुए फाइनल मैच में जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल की। इसके पहले टॉस इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी 100 रन बनाकर आउट हो गई। समर्थ ने 31 रन बनाए। धनंजय बैरागी नॉट आउट 23 रन और लोकेश कुमार ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी के रोहन ने 4 विकेट, एस गुप्ता ने तीन, रोहित यादव एवं लोकेश साहू ने एक-एक विकेट लिए।

बल्लेबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने तीन विकेट पर 101 रन बनाए। कप्तान लोकेश साहू ने 52 रन, कानव पटेल ने नॉट आउट 19 रन और विराट चौधरी ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के समर्थ धनंजय बैरागी एवं दर्श द्विवेदी ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर एस बाल राजू एवं नुगेश्वर डहरिया, स्कोरर पल्लवी एवं विनोद देवघरे थे।

फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंतो हालदार जनरल मैनेजर कोशी रिजॉर्ट, विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर-14 एवं-16 के चयनकर्ता परमजीत सिंह एवं नलिनी एसोसिएट् के हीरेंद्र साहू, फाइनल मैच के प्लेयर ऑफ द मैच लोकेश साहू प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन कार्तिक बेस्ट बॉलर, एस गुप्ता बेस्ट विकेटकीपर, एकजोत सिंह बेस्ट फील्डर, रोहित यादव बेस्ट ऑलराउंडर, धनंजय बैरागी प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट और जय हिंद क्रिकेट अकादमी के कप्तान लोकेश साहू थे। इस अवसर पर क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के कोच शांतनु घोष छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं अंदर 16 के मुख्य कोच विभाष सिंन्हा, जय हिंद क्रिकेट अकादमी के कोच विनोद यादव इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के कोच टिकेंद्र ठाकुर व गौतम उपस्थित थे।



## घर पर कुछ खास बनाना है, यहां जानें दाबेली बनाने की आसान विधि


वीकेंड पर अगर कुछ स्वादिष्ट और आसान बनाना चाहती हैं तो दाबेली एक परफेक्ट ऑप्शन है। ये एक स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड है, जो अपने मसालेदार आलू स्टफिंग और मीठीखट्टी चटनी के लिए मशहूर है। घर पर इसे बनाना न केवल मजेदार होता है, बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ इसे शेयर करना भी एक अलग अनुभव देता है।

सबसे पहले आलू को अच्छी तरह उबाल लें और पूरी तरह मैश कर लें। मैश किए हुए आलू में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, चाट मसाला और स्वाद अनुसार नमक डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को तब तक मिलाएं जब तक मसाले पूरी तरह से आलू में घुल न जाएं। इसके बाद चटनी तैयार करें।

मीठी चटनी के लिए इमली का पेस्ट और गुड़ या शक्कर को अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा मिश्रण बनाएं। हरी चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च, हरा धनिया, नींबू का रस और नमक को मिक्सी में पीसकर स्मूद पेस्ट तैयार करें।

अब ब्रेड बन्स को बीच से हल्का काटें और अंदर मसालेदार आलू भरें। आलू को ब्रेड के अंदर अच्छी तरह सेट करें ताकि भरावन फैल न जाए। उसके ऊपर थोड़ी भुनी हुई मूंगफली, ताजा हरा धनिया और क्रंची सेव डालें।

तैयार दाबेली को तुरंत परोसें ताकि ब्रेड नरम रहे और मसाले का स्वाद ताजा रहे। चाहें तो इसे हरी चटनी या मीठी इमली की चटनी के साथ परोसें। दाबेली को स्नैक के रूप में या वीकेंड स्पेशल फूड के तौर पर परिवार और दोस्तों के साथ एन्जॉय किया जा सकता है।



## बच्चों को पढ़ाई के लिए दे रहे हैं फोन तो कर लें ये उपाय

अगर आप अपने बच्चों के घंटों फोन लिए रहने के हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। जानिए कैसे?

आजकल ऑनलाइन क्लासेज का क्रेज काफी बढ़ गया है। हर स्कूल-कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज का होना आम बात है। बच्चे घर पर भी आकर स्मार्टफोन से पढ़ाई करते हैं। लेकिन, कई बार बच्चे स्टडी का नाम लेकर इधर-उधर की चीचें भी सर्च करने लगते हैं, जो उनके ध्यान को भटकाने में कारगर होता है। यही नहीं, क्लासेस का बहाना करके कई बार बच्चे घंटों गेम भी खेलने लगते हैं, जिससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है बल्कि उनका दिमाग भी पढ़ाई से दूर हो जाता है। अगर आप



भी अपने बच्चों के इस हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। तो चलिए जानते हैं सेटिंग करने का तरीका क्या है।

#### डिजिटल वैलबीइंग क्या काम करता है?

गूगल का डिजिटल वैलबीइंग फीचर काफी शानदार है। इसकी मदद से आपका मोबाइल फोन किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, इसका पता लगता है। इसमें आप ऐप टाइमर सेट कर सकते हैं। इसके अलावा, इसकी खास बात ये है कि इसमें टाइम पर डिस्प्ले बदलने की सुविधा भी मौजूद है। ऐसे में आपके बच्चे फोन का इस्तेमाल स्टडी के लिए कर रहे हैं या कुछ और देख रहे हैं, यह जानकारी भी बता सकता है। हालांकि, गूगल डिजिटल वैलबीइंग फीचर सिर्फ एंड्रॉयड 10 या इससे बाद के वर्जन पर ही काम करेंगे।


#### कैसे करें डिजिटल वैलबीइंग की सेटिंग?

इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले अपने फोन की सेटिंग में जाएं। यहां आपको Digital Wellbeing and Parental Controls के ऑप्शन पर टैप करना है। आप इसे ढूंढने के लिए सेटिंग में डायरेक्ट सर्च भी कर सकती हैं। इसके बाद, आपको ऐप के सारे आइकन्स की लिस्ट दिखेगी। इसके नीचे सेट गोल का ऑप्शन आएगा, जिसपर क्लिक करना है। इसके बाद आपके सामने टाइम सेट करना है। बस आपके फोन में सेटिंग हो जाएगी और सेटिंग के अनुसार फोन की डिस्प्ले ऑफ हो जाएगी। इसके अलावा, आप पहली बार डिजिटल वैलबीइंग ओपन करेंगी तो प्रोफाइल सेटअप करना होगा। बस इससे आप मैनेज कर पाएंगी कि फोन का किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाई के लिए फोन देते समय उनके स्क्रीन टाइम को 1 घंटे तक सीमित करें और उसमें 'पैरेंटल कंट्रोल' सेट करें। इसके साथ ही, अनावश्यक ऐप्स को डिलीट करें, पढ़ाई के लिए केवल जरूरी ऐप्स रखें और फोन का उपयोग एक निश्चित समय और स्थान पर ही करने दें।

#### फोन देते समय इन बातों का रखें खास ख्याल

पैरेंटल कंट्रोलः गूगल फैमिली लिंक या अन्य पैरेंटल लॉक ऐप्स का इस्तेमाल करें ताकि बच्चे केवल पढ़ाई से जुड़ी सामग्री ही देख सकें। समय और सीमा तय करें: पढ़ाई के लिए स्क्रीन टाइम की एक निश्चित समय सीमा निर्धारित करें।


















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### रॉबी का 'ताज महल डायमंड' है सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

मार्गोट रॉबी ने लॉस एंजिल्स में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रीमियर में एलिजाबेथ टेलर का मशहूर 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहना। यह ऐतिहासिक आभूषण हॉलीवुड की चकाचौंध को मुगल राजवंश की विरासत और अमर प्रेम कहानियों से जोड़ता है।



मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। 35 साल की अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। जिसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपये) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी, जब दोनों की शादी किसी और से थी। उनका रोमांस दुनिया भर में चर्चित रहा। इस डायमंड का इतिहास हॉलीवुड से भी पुराना है। दिल के आकार वाले इस हीरे पर पारसी भाषा में 'प्रेम शाश्वत है' लिखा है ।

## टॉलीवुड

### आत्मकथा लिख रहे रजनीकांत, बेटी बोलीं- संघर्ष से आज तक का सफर करेंगे साझा

बॉलीवुड में कई सेलेब्स ने अपनी आत्मकथा के जरिए फैंस को अपनी सफलता की पूरी कहानी सुनाई हैं।अब सुपरस्टार रजनीकांत भी अपनी आत्मकथा पर काम कर रहें हैं। हाल ही में उनकी बेटी सौंदर्या ने रजनीकांत से जुड़ी कुछ खास बातें शेयर कीं। थलाइवा के बस कंडक्टर से लेकर सुपरस्टार बनने तक का पूरा सफर वो फैंस के साथ साझा करेगें। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' जल्द रिलीज होने वाली है। अब रजनीकंत की बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने एक इंटरव्यू में बताया कि जल्द रजनीकांत अपनी आत्मकथा फैंस के बीच ला सकते हैं। एक्टर इसपर काम कर रहें हैं। सौंदर्या रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'विथ लव ' के प्रमोशन के लिए आई थी। फिल्म मेकर ने बताया कि इस आत्मकथा में 'थलाइवा' के वो पहलू भी सामने आयेगें जिन्हें कोई नहीं जानता।




हाल ही में इंटरव्यू में सौंदर्या ने अपने पिता रजनीकंत का जिक्र किया। सौंदर्या ने कहा कि रंजनीकांत अपनी आत्मकथा पर काम कर रहें हैं। फिल्म मेकर ने 'थलाइवा' के फैंस को बताया कि सुपरस्टार जल्द ही अपनी आत्मकथा को फैंस के बीच ला सकते है। जिसमें वो ये बताएगें कि किस तरह एक बस के कंडक्टर से फिल्मी दुनिया के सुपरस्टार तक का सफर तय किया। साथ ही इसमें वो अपने जीवन के उन घटनाओं के बारे में भी बताएगें जिन्हें उनके फैंस नहीं जानते।

कुछ समय पहले भी रजनीकांत के आत्मकथा लिखने की जानकारी ' कुली ' के निर्देशक लोकेश कनगराज ने भी दी थी। उन्होंने बताया था कि फिल्म ' कुली ' के प्रमोशन के दौरान रजनीकांत अपनी आत्मकथा में व्यस्त थे। आगे निर्देशक ने यह भी कहा कि वो हर रोज रजनीकांत को ' कुली ' के सेट पर कुछ लिखता हुआ देखते थे।

## भोजपुरी

### रियलिटी शो '50' में नजर आएंगे विक्रांत और मोनालिसा, दर्शक उत्सुक

जल्द ही मोनालिसा और विक्रांत रियलिटी शो '50' में एक साथ नजर आएंगे। शो शुरू होने से पहले दोनों ने शो के फॉर्मेट, अपने रिश्ते और करियर को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिसवास है और वे 50 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 'बिग बॉस 10' के बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढी और उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई, जहां कई पापुलर शोज में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाईं।



विक्रांत सिंह के मुताबिक, 'मोनालिसा जब बिग बॉस में आई थी, उससे पहले लोगों की सोच ज्यादातर निगेटिव थी। हम जिस सोसाइटी से आते हैं, वहां खासकर लड़कियों के लिए निगेटिव सोच जल्दी बनती है। घर से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री में आना गलत मान लिया जाता है। आप सही हों या गलत लोग की नजर में आप गलत ही हो जाते हैं। अगर आपने ऐसा किरदार चुना जिसे आपको परफॉर्म करना है, तो भी गलत माना जाता है। लोगों ने मोनालिसा के बारे में गलत सोचा। वो लोग बोलने से पहले सोचते नहीं।'

वो आगे कहते हैं, 'बिग बॉस में आने के बाद कुछ हद तक राय बदली। हमारी शादी हुई तो और भी बदलाव आया। लेकिन सोच बहुत धीरे बदलती है। ज्यादातर लोग निगेटिव जाते हैं। आपकी मेहनत को लोग क्रेडिट नहीं देते कहते हैं अरे इसको ऐसे ही मिल गया होगा। ये सिर्फ मोना के साथ नहीं, कई लड़कियों के साथ होता है। अब थोड़ा बदल रहा है, लेकिन बहुत धीरे।'

# विंटेज स्टाइल की वापसी

हमेशा बदलने वाले फैशन की दुनिया में अक्सर कहा जाता है कि पुराने ट्रेंड लौट कर वापस ज़रूर आता है। यह बात आज के भारतीय युवाओं की वॉर्डरोब में सबसे ज़्यादा साफ़ दिखती है। जहाँ विंटेज स्टाइल सिर्फ़ वापस नहीं आ रहे हैं, बल्कि सेंटर स्टेज भी ले रहे हैं। भुवनेश्वर के कॉलेज कैंपस से लेकर मुंबई और दिल्ली की हलचल भरी सड़कों तक, युवा भारतीय बीते ज़माने के आकर्षण को अपना रहे हैं। पुरानी यादों को आज के स्टाइल के साथ इस तरह मिला रहे हैं जो क्रिएटिव होने के साथ-साथ मानीखेज भी है।





लाइफ स्टाइल

# घर पर आसानी से तैयार करें ब्लॉक प्रिंट कुर्ता, बनेंगी महफिल की रौनक



अगर आपको ब्लॉक प्रिंट के कुर्ते पहनना पसंद है तो इस बार इन्हें खरीदने की बजाए घर पर तैयार करें। कुर्ते के कई सारे अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने लुक के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ ऐसे होते हैं जो दिखने में काफी अच्छे लगते हैं। लेकिन इन प्रिंट के कुर्ते मिलते थोड़े महंगे हैं। ऐसे में आप चाहे तो इन्हें घर पर आसान तरीके से रेडी कर सकती हैं। इसके लिए बस आपको इन टिप्स को फॉलो करना होगा।



ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनाने के लिए आपको आलू, स्विंग मशीन, मार्कर पेन, फेब्रिक कलर चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आपको सफेद कपड़ा लेना है। फिर इससे अपने लिए कर्ती स्टीच करना है। अब आलू लें और मार्कर पेन की मदद से इसपर अपनी पसंद का प्रिंट डिजाइन (शॉर्ट कुर्ता डिजाइन) बनाएं।

इसके बाद एक ट्रे में फेब्रिक कलर लें। आप अपनी पसंद के हिसाब से कलर चूज कर सकती हैं। फिर आलू पर बने इस डिजाइन को इसमें डीप करें और थोड़ी-थोड़ी जगह पर इससे मार्क बनाएं। इस प्रक्रिया को पूरे कुर्ते पर दोहराएं। इसके बाद इसे सूखने के लिए छोड़ दें। इस तरीके से आपका ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनकर रेडी हो जाएगा। आप इसे किसी भी इवेंट या किसी फंक्शन पर स्टाइल कर सकती हैं।

## ब्लॉक प्रिंट दुपट्टा भी कर सकती हैं तैयार

अगर आपको दुपट्टे की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो आप दुपट्टे पर भी ब्लॉक प्रिंटिंग डिजाइन बना सकती हैं। इस तरीके के दुपट्टे (शरारा कुर्ता ट्रेंडी डिजाइन) भी काफी अच्छे लगते हैं और स्टाइल करने के बाद आप खूबसूरत लगेंगी। आपको मार्केट में यही दुपट्टे 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे। घर पर इन्हें आप फेब्रिक लाकर कम पैसों में बना सकती हैं। बस आपको इसे बनाने के लिए कुछ टिप्स का खास ध्यान रखना पड़ेगा। तभी आपको ब्लॉक प्रिंट कुर्ता सही तरीके से रेडी हो पाएगा और आप उसे स्टाइल कर पाएंगी।

घर पर ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनाना न केवल आसान है बल्कि यह आपके पुराने या सादे कुर्ते को एक नया और शानदार लुक देने का एक बेहतरीन डीआईवाई तरीका है। इसे तैयार करने के लिए आप कुछ और स्टेप्स भी फॉलो कर सकते हैं।

# ठंड से हाथ हो गए हैं सख्त तो ऐसे बनाएं मुलायम



ठंडी हवाओं के कारण हाथों की त्वचा हो गई है सख्त तो आपको भी हाथों को सॉफ्ट बनाने के लिए जरूर ट्राई करने चाहिए कुछ आसान घरेलू नुस्खे। इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और फिर उसमें गुलाब जल मिक्स करें। अब आपको इस मिश्रण से दोनों हाथों पर लगाना है और हल्के हाथों से मसाज करनी हैं। 5 मिनट बाद गुनगुने पानी से आप हाथों को वॉश कर लें। यदि आप नियमित दिन में एक बार भी इस घरेलू नुस्खे को अपनाती हैं, तो आपके हाथ न केवल मुलायम होंगे बल्कि उनकी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसी तरह मैश केले में शहद मिक्स करें और इस मिश्रण को हाथों पर रब करें। 5 मिनट बाद गरम पानी से हाथों को वॉश कर लें। यदि आप रात में सोने से पहले इस मिश्रण को नियमित हाथों पर लगाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपके हाथ सॉफ्ट हो जाएंगे। यदि सख्त होने के साथ ही आपके हाथ ड्राई भी हैं, तो इस घरेलू नुस्खे से आपको उसमें भी राहत मिलेगी क्योंकि केले में प्राकृतिक मॉइश्चराइजिंग प्रॉपर्टीज होती हैं।

सर्दियों की ठंडी हवा और नमी की कमी से हाथ अक्सर रूखे और सख्त हो जाते हैं। इन्हें फिर से कोमल बनाने के लिए आप नीचे दिए गए प्रभावी घरेलू उपाय अपना सकते हैं:

**नारियल या जैतून के तेल की मालिश:** रात को सोने से पहले हाथों पर नारियल या जैतून के तेल की मोटी परत लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए तेल लगाने के बाद सूती दस्ताने पहन लें, जिससे नमी त्वचा के अंदर लॉक हो जाए।

**चीनी और तेल का स्क्रब:** 1 बड़ा चम्मच चीनी में थोड़ा सा सरसों या जैतून का तेल मिलाएं और 2-3 मिनट तक हाथों पर हल्के हाथों से रगड़ें। यह मृत त्वचा को हटाकर हाथों को तुरंत मुलायम बनाता है।

**ग्लिसरीन और गुलाब जल:** ग्लिसरीन, गुलाब जल और नींबू के रस का मिश्रण एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। इसे दिन में दो बार लगाने से त्वचा की चमक और कोमलता बनी रहती है।

**गुनगुने पानी का उपयोग:** हाथों को धोने के लिए बहुत गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गर्म पानी त्वचा के प्राकृतिक तेल को सोख लेता है, जिससे वे और भी सख्त हो जाते हैं।

**एलोवेरा जेल:** ताजे एलोवेरा जेल को हाथों पर लगाने से फटी हुई त्वचा जल्दी ठीक होती है और जलन कम होती है।

**मलाई या दूध का प्रयोग:** हाथों को 5 मिनट के लिए दूध के कटोरे में डुबोकर रखें या ठंडी मलाई से मालिश करें। इसमें मौजूद प्रोटीन और फैट त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं।

# रीयूज करें पुराने इयररिंग्स



इयररिंग्स पहनने में जितने अच्छे लगते हैं। उतनी ही जल्दी हम उन्हें पहनकर बोर हो जाते हैं। इसकी वजह से या तो वो फेंक दिए जाते हैं वरना रखे रहते हैं। अगर आपके पास भी कुछ ऐसे इयररिंग्स हैं जिन्हें दोबारा पहनने में नहीं आते हैं तो इसके लिए आप टीवी एक्ट्रेस श्वेता महादिक के बताए गए इन टिप्स की मदद से इयररिंग्स को दोबारा इस्तेमाल में ला सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसके साथ आफ नेकलेस डिजाइन कर सकती हैं।

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको अपनी इयररिंग्स के पीछे के लॉक को हटाना है। इसके बाद इसे क्लीन करना है। फिर प्लास्टिक थ्रेड लेना है और उसे इयररिंग्स के नीचे वाले सिरे से जोड़ना है। अब इसमें छोटे वाले मोती को लगाना है। इसके बाद दूसरे सिरे को दूसरी तरफ जोड़ना है। फिर दूसरे थ्रेड को लेना है और फिर उसे ऊपर की तरफ गांठ लगाकर जोड़ना है। अब इसमें बड़े वाले मोती डालने हैं। आप चाहे तो अलग डिजाइन वाले पर्ल या फिर मोती (ज्वेलरी डिजाइन) को भी इसमें लगा सकती हैं। इसी प्रक्रिया को जारी रखकर आपको लेयर तैयार करनी है। इसके बाद ऊपर की तरफ भी इसी तरीके से इन्हें तैयार करना है। अब इसमें पीछे की तरफ लॉक लगाना है। आपका नेकलेस बनकर तैयार हो जाएगा। इस तरह के नेकलेस को आप साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो सूट के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं अगर उसकी नेकलाइन (स्टेटमेंट नेकलेस) डीप होगी तभी अच्छा लगेगा। लहंगे के साथ ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करने के लिए भी आप वियर कर सकती हैं।

# होंठ दिख रहे हैं रुखे तो ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे

अगर आपके लिप्स बदलते मौसम की वजह से रुखे हो रहे हैं, तो इसके लिए जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ सॉफ्ट नजर आएंगे। बदलते मौसम की वजह की वजह से हमारी स्किन ड्राई नजर आती है। इसका असर हमारे होंठों पर भी नजर आता है।

## गुलाब की पत्तियों और दूध

अगर आपको होठों को सॉफ्ट करना है, तो इसके लिए आप गुलाब की पत्तियों और दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको ताजी गुलाब की पत्तियों को लेना है। इसके कुछ समय के लिए दूध में भिगोकर रखना है। इसके बाद इन दोनों चीजों को अच्छे से मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। अब इसमें 1 चम्मच शहद को मिक्स करें। इसे अपने होंठों पर सोने से पहले लगाएं। फिर 20 मिनट के बाद इसे कॉटन पैड से हटाएं। इससे आपके होंठ अच्छे नजर आएंगे।

## बादाम तेल और शहद

आप अपने होंठों के रूखेपन को दूर करने के लिए आप बादाम तेल और शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये होंठों के लिए अच्छा रहेगा। इसे लगाने के लिए आपको 1 चम्मच बादाम का तेल लेना है। इसमें 1 चम्मच शहद को मिक्स करना है। अब इसे चुकंदर को काटकर इसमें डीप करके अपने होंठों पर रब करना है। इसके बाद कॉटन पैड से साफ करें। इससे आपके होंठ सॉफ्ट हो जाएंगे।



## इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपको होठों पर एलर्जी है, तो किसी भी नुस्खों को ट्राई करने से पहले एक्सपर्ट सलाह जरूर लें। आप एक्सपर्ट सलाह के बाद ही किसी भी चीज को होंठों पर न लगाएं। सॉफ्ट होंठों के लिए आपको बाजार के प्रोडक्ट का कम इस्तेमाल करना चाहिए.इन चीजों का करें इस्तेमाल। इससे आपके होंठ सॉफ्ट नजर आएंगे। साथ ही, आप एक्सपर्ट सलाह के बाद होंठों तो ड्राई होने से कम कर सकती हैं। आप चाहें तो इन चीजों को कुछ दिन के लिए स्टोर करके रोजाना लगा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

इनग्रोन हेयर हटाने मौजूद हैं आसान से उपाय

# स्ट्रॉबेरी लेग्स आज के दौर में एक सामान्य समस्या, इससे आसानी से निजात पाने अपनाएं जरूरी उपाय

क्या आपने अपने पैरों में काले धब्बे नोटिस किए हैं? वैक्सिंग या शेविंग के बाद भी अगर पैरों को हाथ लगाते हुए आपको छोटे-छोटे बाल महसूस होते हैं, तो मतलब वो इनग्रोन हेयर हैं। इसी तरह इनग्रोन हेयर से भरे हुए पैरों को स्ट्रॉबेरी लेग्स कहते हैं। दरअसल, त्वचा पर ये बंप्स स्ट्रॉबेरी में लगे सीड्स की तरह नजर आते हैं, इसलिए इन्हें यह नाम दिया गया है। इस समस्या से कई महिलाएं गुजरती हैं। इससे आपकी त्वचा रूखी लग सकती है। ऐसी स्किन को अच्छी तरह से एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज करने की आवश्यकता होती है।

अगर आपको लगता है कि यह समस्या सिर्फ महंगे ट्रीटमेंट्स से ठीक हो सकती है, तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। आज हम आपको बताएंगे कि आप नारियल के तेल, सी सॉल्ट और एलोवेरा जेल की मदद से इस समस्या से कैसे छुटकारा पा सकती हैं। जिस तरह स्ट्रॉबेरी के बीज बाहर त्वचा पर होते हैं, यह समस्या भी ठीक त्वचा के ऊपर उन सीड्स की तरह दिखती है। शेविंग या कई बार वैक्सिंग के बाद, जब स्किन पोर्स एक्सेस सीबम और गंदगी से भरने लगते हैं, तो वे स्ट्रॉबेरी की तरह दिखने लगते हैं। वहीं, जब आपकी त्वचा पर हवा लगती है, तो ऑक्सीडेशन के कारण ये पोर्स काले पड़ने लगते हैं।



यह कई कारणों से हो सकता है। अगर आप पुराने रेजर से शेव कर रही हैं या फिर गलत तरीके से शेव करती हैं, तो ऐसा हो सकता है।

इसके अलावा, आपके पैरों की त्वचा में हजारों पोर्स होते हैं और ये बैक्टीरिया, डेड स्किन और गंदगी से बंद हो सकते हैं। जब हवा इनसे पास होती है, तो ये काले धब्बे का रूप लेने लगते हैं।

कई बार फॉलिकुलाइटिस के कारण भी स्ट्रॉबेरी स्किन हो सकती है। यह तब होता है जब हेयर फॉलिकल में इंफेक्शन हो जाता है और सूजन होने लगती है। बहुत ज्यादा ड्राई स्किन के कारण भी स्ट्रॉबेरी लेग्स होने लगते हैं।

## स्ट्रॉबेरी लेग्स की समस्या से निपटने का तरीका

जरूरी है कि आप अगर रेजर का इस्तेमाल कर रही हैं, तो उसे सही ढंग से इस्तेमाल करें। इसके अलावा अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज रखना भी जरूरी है। आप नारियल तेल की मदद से भी त्वचा का ख्याल रख सकती हैं।

स्ट्रॉबेरी लेग्स की समस्या, जिसमें पैरों पर छोटे काले धब्बे या दाने (स्ट्रॉबेरी के बीजों जैसे) दिखने लगते हैं, उसे कुछ आसान घरेलू और स्किनकेयर उपायों से ठीक किया जा सकता है।

## नियमित एक्सफोलिएशन

केमिकल एक्सफोलिएंट: मृत त्वचा और बंद रोमछिद्रों को साफ करने के लिए सैलिसिलिक एसिड या ग्लाइकोलिक एसिड वाले बॉडी वॉश या लोशन का उपयोग करें।

**फिजिकल स्क्रब:** सप्ताह में 2-3 बार ब्राउन शुगर और जैतून के तेल से बना घरेलू स्क्रब इस्तेमाल करें। ड्राई ब्रशिंग भी एक प्रभावी तरीका है।

शेविंग की सही तकनीक

**हमेशा नया रेजर इस्तेमाल करें:** पुराने और कुंद रेजर से त्वचा में जलन और अंतर्वर्धित बाल हो सकते हैं।

**शेविंग जेल का प्रयोग:** कभी भी ड्राई शेव न करें। शेविंग से पहले शेविंग क्रीम या कंडीशनर लगाएं ताकि रेजर आसानी से चले। दिशा का ध्यान: बालों के उगने की दिशा में ही शेव करें।

